वर्ष-22 अंक-43
पृष्ठ-8 मूल्य-2.00
दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)
रविवार 30 मार्च 2025
चैत्र शुक्लपक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत्-2082

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी
देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

दैनिक
# समय जगत



दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित
एक संदेश-पूरा देश
ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

## भाजपा के लिये जनहित है सर्वोपरि: डॉ यादव

### बीजेपी प्रदेश कार्यालय में युवा प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग में शामिल हुए मुख्यमंत्री




**समय जगत, भोपाल।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के देश के एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के विजन पर रविवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में युवा प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग दी जा रही है। शनिवार-रविवार दो दिन तक चलने वाले इस कार्यशाला में पार्टी की विचारधारा और रीति-नीति की जानकारी युवाओं के साथ साझा की जाएगी। बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने युवाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपना संबोधन में युवाओं से पूछा कि लोकतंत्र में आपकी भूमिका राजनीति के क्षेत्र में आने के लिए क्यों होना चाहिए ? इस पर कार्यक्रम में मौजूद युवाओं ने जवाब भी दिया। सीएम ने कहा कि आज मेरा भी रिपोर्ट कार्ड प्रधानमंत्री मोदी जी के पास है। आज कहीं भी कुछ होता है तो पीएमओ से मैसेज आ जाता है। लोग अध्ययन कर रहे मोदी चुनाव कैसे जीत जाते हैं। मुख्यमंत्री ने देश की गुलामी के कारण और उस के बाद मिली आजादी का जिक्र करते हुए कहा कि जब तक हमसे नहीं जानेंगे तब तक इसका मतलब नहीं समझेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता की ताकत सुनीतियों के बल पर होती है। इन नीतियों के आधार पर ही जनता सहयोग करती है। अमेरिका में राष्ट्रपति की हत्या भी हुई लेकिन अमेरिका की अपनी नीतियों के वजह से वह दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश है। भारतीय जनता पार्टी, जनता की पार्टी है, इसलिए वह जनता की लड़ाई लड़ती है। सीएम मोहन ने कहा कि 1947 से पहले देश पृथ्वीराज सिंह चौहान के समय में आजाद था। मोहम्मद गोरी ने अपने गुलाम को यहां बैठाया। एक हजार साल की गुलामी की आजादी हमे 1947 में मिली। हम गुलाम कैसे और क्यों हुए ये समझना जरूरी है। हम राजनीतिक दल में क्यों आना चाह रहे ये भी जानना जरूरी है। विक्रमादित्य ने शकों को हटाया, लेकिन खुद को राजा नहीं माना। पीएम मोदी भी खुद को सेवक मानते हैं। आक्रांताओं ने लूटा खसोटा सब के गए, भगवान कृष्ण भी खुद राजा नहीं बनें। नवरत्नों को विक्रमादित्य ने निर्णय का पावर दिया ,सीएम ने कहा कि बाइडेन गए, ट्रंप आए, ट्रंप ने कहा अमेरिका फर्स्ट, मोदी जी ने कहा भारत फर्स्ट। कार्यक्रम के दौरान बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि अटलजी प्रधानमंत्री बने तो वैज्ञानिक को राष्ट्रपति बना दिया। राजनीति में

## आज नागपुर दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 11 साल के कार्यकाल में पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) के मुख्यालय जाएंगे। नागपुर के रेशमबाग स्थित संघ मुख्यालय में उनका यह दौरा राजनीतिक और सामाजिक रूप से अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी रविवार 30 मार्च को नागपुर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नागपुर दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने आखिरी बार संघ मुख्यालय का दौरा प्रचारक के रूप में किया था। इसके बाद से वे कभी भी वहां नहीं गए, हालांकि वे कई बार नागपुर का दौरा कर चुके हैं। उनके 30 मार्च के दौरे को लेकर राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पीएम मोदी नागपुर में हिंदू नववर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिपदा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा, वह स्मृति मंदिर में जाकर आरएसएस के संस्थापकों को श्रद्धांजलि देंगे। उनका दौरा सुबह 9 बजे स्मृति मंदिर से शुरू होगा, जिसके बाद वे दीक्षाभूमि भी जाएंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री 10 बजे माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं



पं. रामनारायण पस्तोर
(गुरसरांय)
जिला प्रमुख धर्म प्रसार
विश्व हिन्दू परिषद झांसी


चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं



धनप्रकाश तिवारी
प्रधानाचार्य
खेर इण्टर कॉलेज
गुरसरांय, जिला-झांसी

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
आत्माराम फौजी
(गुरसरांय)
जिला प्रमुख समरसता
विश्व हिन्दू परिषद झांसी

नव वर्ष व विक्रम संवत् 2082 की सभी को
हार्दिक शुभकामनायें



पं. परशुराम पाठक
संगीत गुरू
माँ शारदा संगीत विद्यालय गुरसरांय

नव वर्ष व विक्रम संवत् 2082 की सभी को
हार्दिक शुभकामनायें



कमलापत उपाध्याय
विभागाध्यक्ष-कृषिविभाग
खेर इण्टर कॉलेज गुरसरांय
जिला-झांसी

## श्रेष्ठ सरोकारों का पर्याय है भारतीय नव वर्ष, शुभ संकल्पों से होगा राष्ट्र का उत्कर्ष

भारतीय नववर्ष का प्रारम्भ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है, इसे गुड़ी पड़वा भी कहते हैं। नये वर्ष का प्रारंभ अर्थात् सकारात्मकता, उत्साह और उमंग के साथ शुभ संकल्प लेने का भी यह महत्वपूर्ण अवसर है। ब्रह्मपुराण के अनुसार पितामह ब्रह्मा ने इसी दिन से सृष्टि निर्माण प्रारम्भ किया था, इसलिए यह सृष्टि का प्रथम दिन है। इसकी काल गणना बड़ी प्रचीन है। सृष्टि के प्रारम्भ से अब तक लगभग 1 अरब, 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार, 115 वर्ष बीत चुके हैं। यह गणना ज्योतिष विज्ञान द्वारा निर्मित है। आधुनिक वैज्ञानिक भी सृष्टि की उत्पत्ति का समय एक अरब वर्ष से अधिक बता रहे हैं। जो भारतीय काल गणना की शाश्वत उपयोगिता का प्रमाण देता है। हिन्दु शास्त्रानुसार इसी दिन से ग्रहों, वारों, मासों और संवत्सरों का प्रारम्भ गणितीय और खगोल शास्त्रीय संगणना के अनुसार माना जाता है। भारतवर्ष में वसंत ऋतु के अवसर पर नूतन वर्ष का आरम्भ मानना इसलिए भी हर्षोल्लासपूर्ण है, क्योंकि इस ऋतु में चारों ओर हरियाली रहती है तथा नवीन पत्र-पुष्पों द्वारा प्रकृति का नव शृंगार किया जाता है। लोग नव वर्ष का स्वागत करने के लिए अपने घर-द्वार सजाते हैं तथा नवीन वस्त्राभूषण धारण करके ज्योतिषाचार्य द्वारा नूतन वर्ष का संवत्सर फल सुनते हैं। वर्तमान में हम भले ही स्वतंत्र हो गए हों, लेकिन तरह- तरह की समस्याएं व विडंबनाएं तो देश में हैं ही साथ ही आधुनिकता के नाम पर समाज का अभिजात्य वर्ग वह सब कुछ कर रहा है, जो हमारी मान्यता व संस्कृति के विपरीत है। भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्यौहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम जानते हैं कि हिन्दी के अंतिम मास फाल्गुन में वातावरण भी वर्ष समाप्ति का संकेत देता है, साथ ही नव वर्ष के प्रथम दिन से ही वातावरण सुखद हो जाता है। हमारे ऋषि मुनि कितने श्रेष्ठ होंगे, जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है, इस बात की पूरी जानकारी समाहित है। पिछले दो हजार वर्षों में अनेक देशी और विदेशी राजाओं ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा इस देश को राजनीतिक दृष्टि से पराधीन बनाने के प्रयोजन से अनेक संवतों को चलाया, किंतु भारत राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रमी संवत के साथ ही जुड़ी रही। अंग्रेजी शिक्षा-दीक्षा और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण आज भले ही सर्वत्र ईसवी संवत का बोलबाला हो और भारतीय तिथि-माहों की काल गणना से लोग अनभिज्ञ होते जा रहे हों, परंतु वास्तविकता यह भी है कि देश के सांस्कृतिक पर्व-उत्सव तथा राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक आदि महापुरुषों की जयंतियाँ आज भी भारतीय काल गणना के हिसाब से ही मनाई जाती हैं, ईसवी संवत के अनुसार नहीं। विवाह-मुण्डन का शुभ मुहूर्त हो या श्राद्ध-तर्पण आदि सामाजिक कार्यों का अनुष्ठान, ये सब भारतीय पंचांग पद्धति के अनुसार ही किया जाता है, वास्तव में यह भारतीय हिंदू नव वर्ष हमारी सांस्कृतिक समृद्धि व निरंतरता का परिचायक है। इस अवसर पर हमें मानवीय सरोकारों के अनुरूप श्रेष्ठ कार्य करने का शुभ संकल्प लेना चाहिये।

## सुकमा में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारे गये 16 नक्सली

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा के गोगंडा पहाड़ी में आज सुबह से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल, .303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर और बीजीएल लॉन्चर समेत भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की है।






# अखिलेश यादव का बयान गौ माता, कृष्ण भगवान व सनातन संस्कृति को अपमानित करने वाला : श्याम बिहारी गुप्ता

## बोले - 2027 में फिर होगा सपा का सूपड़ा साफ




**समय जगत, झांसी।** गाय को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा दिए गए बयान - भाजपा बदबू पसंद इस लिए गाय पालने पर जोर दे रही और हमको खुशबू पसंद है इसलिए पार्क बनवाये थे। पर शनिवार को दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री, उप्र गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने झांसी में अखिलेश यादव को जम कर आड़े हाथों लिया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को अग्यानी बताते हुए कहा कि उन्होंने सनातन धर्म का, गौ माता का अपमान किया हैं। इसका जवाब उन्हें जनता देती आ रही और 2027 में फिर देगी, वह दिन दूर नहीं जब सपा का सूपड़ा साफहो जाएगा।

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा गौशालाओं और गोबर को लेकर की गई अमर्यादित टिप्पणी न केवल भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और करोड़ों गौ भक्तों का अपमान है बल्कि यह भगवान श्रीकृष्ण, नंदबाबा, यदुवंश, किसानों, गोपालकों एवं सम्पूर्ण सनातन की आस्था पर भी आघात है। गौमाता हमारी परंपरा, आस्था कृषि, स्वास्थ्य समृद्धि और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला रही है। गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। भारत में गौवंश हजारों वर्षो से अर्थव्यवस्था और जीवनशैली का अभिन्न अंग रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं गौ सेवा का संदेश दिया। संतों ने गौमाता को पालनहार माना और आज भी लाखों किसान गौ आधारित कृषि से अपनी जीविका चला रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आज पूरे विश्व में रसायन मुक्त जैविक प्राकृतिक खाद्यान्न की मांग है। ऐसे में गौशालाओं को बदबूदार बताकर अखिलेश यादव ने न केवल हिंदू समाज बल्कि पूरे भारतीय लोकाचार का घोर अपमान किया है। समाजवादी पार्टी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनके शासन में गौ संरक्षण के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए थे, वास्तविकता यह है कि समाजवादी पार्टी ने कभी भी गौ सेवा को प्राथमिकता नहीं दी। इसके विपरीत, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और गो सेवा आयोग गौमाता की रक्षा और संवर्धन के लिए पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार ने गौशालाओं के लिए बजट बढ़ाया, नई योजनाएँ लागू कीं, संरक्षित गोवंश की उचित देखभाल सुनिश्चित की और गौ आधारित कृषि को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ नेता मात्र स्वार्थ की राजनीति के लिए अपने ही पूर्वजों, महापुरुषों और परंपराओं का अपमान करने से नहीं हिचकिचाते। इतिहास गवाह है कि जिन्हें खुश करने के लिए वे सनातन परंपरा पर चोट कर रहे हैं वे किसी के सगे नहीं होते। हम समाजवादी पार्टी और उनके नेताओं को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हैं कि भारतीय संस्कृति, एवं सनातन परंपरा और गौमाता के सम्मान के साथ खिलवाड़ न करें। गौमाता और गौशालाओं का अपमान अब हिंदू समाज सहन नहीं करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार और गो सेवा आयोग गौमाता की रक्षा एवं संवर्धन के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर भाजपा नेता मनमोहन गेडा, जिला सह मीडिया प्रभारी सौरभ मिश्रा , जिलाध्यक्ष कपिल बिरसैनिया, उपस्थित रहे।

# कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया श्रेष्ठायनम् पुस्तक का विमोचन



**समय जगत, झाँसी।** कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के कर कमलों से झाँसी अल्प प्रवास के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा छ।।ब् से ।. प्राप्त होने के फ्लस्वरूप राजभवन के निर्देशों के क्रम में छ।।ब् निरीक्षण से सम्बन्धित होने वाले विभिन्न कार्यों के सम्पादन के दौरान हुये अनुभवों एवं शैक्षणिक उन्नयन आदि को संग्रहीत करते हुये एक पुस्तक श्रेष्ठायनम् का प्रकाशन किया गया। माननीया कुलाधिपति महोदया द्वारा आज इस पुस्तक का विमोचन किया गया।

विमोचन के दौरान बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय, कुलसचिव श्री विनय कुमार सिंह, निदेशक आई.क्यू.ए.सी. प्रो. सुनील काबिया, सम्पत्ति अधिकारी प्रो. डी. के भट्ट, संकायाध्यक्ष कला प्रो. मुन्ना तिवारी, प्रो. अपर्णा राज, प्रो. पूनम पुरी, प्रो. अर्चना वर्मा, प्रो. सी. बी. सिंह, डॉ अनुपम व्यास , प्रो. काव्या दुबे, डा. नुपूर गौतम, डा. अनु सिंगला, डा. प्रतिभा आर्या, डा. शम्भूनाथ, डा. सुनील त्रिवेदी, अनिल बौहरे, अतुल प्रकाश खरे एवं छ।।ब् कार्यो से सम्बन्धित सभी शिक्षक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी तथा छात्र-छात्रायें भी उपस्थित रहे। इस पुस्तक का अवलोकन किया गया। इस पुस्तक में विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा उनके माता - पिता, कार्य परिषद् सदस्यों आदि ने अपने - अपने विचार प्रस्तुत किये हैं कि बी से ए प्लस प्लस तक की यात्रा तय करने के दौरान क्या - क्या कदम उठाये गये तथा छ।।ब् से ग्रेड प्राप्त होने के पश्चात विश्वविद्यालय में हुये शैक्षणिक उन्नयन से इस क्षेत्र में तथा पूरे भारतवर्ष में विश्वविद्यालय गौरवान्वित हुआ है।

इसके अतिरिक्त माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से विश्वविद्यालय/संस्थान के छात्र-छात्राओं के समूह द्वारा दिनांक 17 से 20 मार्च 2025 तक 'क्रांतिकारी पदि्चह्नों पर साइकिल यात्रा' थीम पर चार दिवसीय साइकिल यात्रा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारियॉ ली गई तथा निर्देश दिये कि इस यात्रा से सम्बद्ध सभी के अनुभवों एवं विचारों को संकलित कर एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाये।

# श्रीराम कथा का शुभारंभ आज से



**बरूआसागर झांसी।** भारतीय संस्कृति, सभ्यता का नवसंवत्सर विक्रम 2082 एवं चैत्र नवरात्रि व रामनवमी पर्व के अवसर पर नगर के भगवान वनवासी श्री राम विराजमान श्रीराम वाटिका मंदिर प्रांगण में भव्य श्रीराम कथा का शुभारंभ 30 मार्च से 5 अप्रैल 2025 तक हो रहा हैं। जिसमें श्री गौड़ बाबा आश्रम झांसी के महंत एवं भगवताचार्य पंडित विनोद चतुर्वेदी धार्मिक श्रीराम कथा का श्रद्वालुओं को रसास्वादन कराएंगे। तत्पश्चात 6 अप्रैल 2025 को हवन पूजन/पूर्ण आहुति के साथ साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे। भगवताचार्य पंडित नितिन चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि बरूआसागर नगर के धार्मिक स्थल श्रीराम वाटिका मंदिर प्रांगण में सम्भ्रांत श्रद्वालुओं द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें झांसी महानगर के सिद्धपीठ श्री गौड़ बाबा आश्रम के महंत पंडित विनोद चतुर्वेदी द्वारा 30 मार्च से 5 अप्रैल 2025 तक प्रतिदिन अपराह्न तीन बजे से श्रीराम कथा पर प्रवचन करते हुए धर्म की रसधारा बहाएंगे । जिसका शुभारंभ 30 मार्च को अपराह्न 3 बजे से शीतला बड़ी माता मंदिर से कलश यात्रा निकालकर किया जायेगा। कलश यात्रा में बग्गी पर श्री राम दरबार विराजमान होकर आगे आगे चलेगा। इसके बाद नौ पारीक्षित सपत्नी श्रीराम पुराण सिर पर रखते हुए तथा महिलाएं सिर पर कलश धारण कर धार्मिक गीत गाते हुए चलेगी। कलश यात्रा में ढोल नगाड़े एवं डीजे पर बज रहे ।

# रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं : वंदना उपाध्याय

### देवी राधा के बाद भगवान श्री कृष्ण की प्रिय देवी रुक्मणी हुई : वन्दना उपाध्याय



**समय जगत, झाँसी -** भागवत सत्संग मण्डल के तत्वावधान मे गांधी मंच नगरा हाट का मैदान प्रेमनगर में नगरा महोत्सव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छष्टम दिवस में समस्त भक्तों ने कथा श्रवण की। जिसमें सर्वप्रथम मुख्य संयोजक योगेंद्र सिंह यादव (बबली) व मुख्य परीक्षित श्रीमती सरोज श्री रामआसरे गुप्ता एवं धर्मगुरु आचार्य बसंत विष्णु गोलबलकर महंत मुरली मनोहर मंदिर,आचार्य विनोद चतुर्वेदी जी महाराज राष्ट्रीय भागवताचार्य,बुंदेलखंड योगी अर्पितदास जी महाराज युवा महंत सखी के हनुमान मंदिर,पं.रविकांत मिश्र जी महाराज,पं.बृजेश कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने मंगल कलश के साथ 4 वेद,18 महापुराण एवं महाकुम्भ गंगाजल घट पूजन सहित भागवत पूजन किया। उसके पश्चात मुख्य कथा व्यास राष्ट्रीय भागवताचार्य साध्वी वंदना उपाध्याय वृंदावन धाम ने कथा प्रसंग के क्रम में श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की व्याख्या कर श्रोताओं को भावमुग्ध कर दिया। ओर कहा कि रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। श्रीमद भागवत कथा अमृत वर्षा के रूप में श्रद्धालुओं के अंतःकरण को भींगो कर रसरंग में डूबो रही थी।

भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला और महारास के वर्णन से सुमधुरित कथा श्रवण से सभी भावविभोर हो उठे। और कहा कि श्रीकृष्ण लीलामृत के महारास में जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। उन्होंने और बताया कि जीव और परमात्मा तत्व ब्रह्म के मिलन को ही महारास कहते है व इस अवसर पर श्रीकृष्ण और रूक्मणि के विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया तथा इस अवसर पर मुख्य रूप से आरती में पं.मैथिलीशरण मुदगिल वरिष्ठ समाजसेवी,राजेन्द्र सिंह यादव जिला प्रधान आर्य समाज झाँसी,अमित साहू जिला महामंत्री भाजपा झाँसी,कपिल बिरसैनिया जिलाध्यक्ष भाजपा अनु.मो.,पी.एस.परिहार प्रभारी निरीक्षक लोको आर.पी.एफ,प्रधान इंद्रपाल सिंह खनूजा,नरेश मिश्रा,दीपचंद्र,कैलाश नारायण मालवीय,श्याम सुंदर अवस्थी,मिथलेश मिश्रा,श्रवण तिवारी,शोभाराम राय,गिरीश नारायण संज्ञा, मनोज संज्ञा,आदेश चतुर्वेदी,मृदुल शुक्ला,विश्वनाथ मिश्रा, चंद्रमोहन तिवारी,भवानी शंकर उपाध्याय,चंदन यादव,लल्लू पंडितजी, मनोज मिश्रा,रानू महाराज,अन्नू शर्मा,मयंक,प्रीति संज्ञा एड.,विनीता शुक्ला,सुनीता साहू,रेखा तिवारी सहित अन्य माताएं-बहने हजारों भक्तगण उपस्थित रहे और कार्यक्रम का संचालन मुख्य संचालक प्रधानाचार्य पं.सियारामशरण चतुर्वेदी अध्यक्ष गौ सेवा समिति नगरा झाँसी ने किया व अंत मे आभार संदीप साहू नगरा ने किया।

# ग्राम कुरैठा में जनसत्ता दल पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन का फूंका पुतला



**समय जगत, गुरसराय।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से महाराणा सांगा पर की अमर्यादित टिप्पणी को लेकर जनसत्ता दल पार्टी के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश है। गरौठा तहसील के ग्राम कुरैठा में शुक्रवार को शाम 6 बजे पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता विशाल सिंह राजावत भैया राजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कुरैठा में जमकर प्रदर्शन किया जिसके बाद सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया। इस दौरान यहां जबरदस्त नारेबाजी भी की गई।प्रदर्शन के दौरान विशाल सिंह ने कहा कि महाराणा सांगा न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश का स्वाभिमान है। महाराणा सांगा ने दिल्ली गुजरात और मालवा के मुग़ल बादशाहों के आक्रमण से अपने राज्य की रक्षा की। वह उस समय के सबसे शक्तिशाली राजा थे। ऐसे महान वीर योद्धा का देश की सबसे बड़ी पंचायत में राज्यसभा सांसद द्वारा अपमान करने पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन की सदस्यता समाप्त होने तक आंदोलनरत और प्रदर्शन जारी रहेगा।

इस मौके पर विशाल सिंह राजावत भैया राजा, कुम्भज ठाकुर, सनी ठाकुर, ऋषि ठाकुर, मनीष ठाकुर, रविन्द्र झा, नरोत्तम शर्मा, नितेश तोमर, कल्लू ठाकुर, नरेश सेंगर, गोलू ठाकुर, शर्मा पंडित, रिशि ठाकुर, सुमित सिंह परिहार, देवेन्द्र गौर, सुमित सिंह तोमर, कल्लू ठाकुर, छोटू ठाकुर के साथ कई कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित रहे।


## ईद की नमाज सुबह 8.30 बजे होगी

**समय जगत, झांसी।** इन्तजामिया कमेटी मस्जिद सदन झांसी के सदर / सेक्रेटरी यह इत्तिला करते है कि ईद की नमाज मस्जिद सदन अन्दर सैंयर गेट झांसी में सुबह 8.30 बजे पर होगी और यह नमाज मौलाना एहतिशाम नदवी द्वारा करायी जायेगी।

## वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**समथर ।** समथर के सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फ्ल का वितरण किया गयाकार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना एवं हरिकृष्ण शिल्पकार मनोज कुमार गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता तथा प्रधानाचार्य भगवत नारायण तिवारी प्रमोद कुमार खरे ने मां सरस्वती के समझ दीप प्रज्ज्वलित कर कक्षा षष्ठ सप्तम अष्टम नवम एकादश के भैया बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।

# घर से चलो तो एक- एक कदम भगवान के लिए चलो तो वह भजन हो गया : विजय ब्रह्मचर्य जी



**समय जगत, गुरसरांय(झांसी)।** रामायण पाठ का आनंद भगवान की कृपा से ही मिलता है सांसारिक सुख पारमार्थिक सुख की बराबरी नहीं कर सकता जिस जगह रामायण पाठ होता है वह जगह तीर्थ बन जाती है आप अपने अपने घरों में भी रामायण का नवाह अथवा मासिक पाठ करें कम से कम नौ दोहों का पाठ अवश्य प्रतिदिन करें नवरात्र के समय नवाह पाठ करें। इस संबंध में स्वामी श्री रामसुखदास जी महाराज द्वारा लिखित ज्ञान गंगा रुपी पुस्तकों का विजय ब्रह्मचर्य जी महाराज ने आज गुरसरांय में उत्तर प्रदेश सरकार से वरिष्ठ पत्रकार कुंवर रामकुमार सिंह के निवास पर बुद्धजीवी और पत्रकारों जन जन को पुस्तकें भेंट कर सभी को अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए प्रेरित किया। विजय ब्रह्मचर्य जी ने एक उदाहरण देते हुए सत्संग में बताया कि जब तक रुपए प्यारे लगते हैं तब तक साधन शुरु नहीं हुआ। साधन शुरु होने की पहचान है कि परमात्मा के शिवाय और में प्यार पैदा नहीं होगा। उन्होंने आगे सत्संग करते हुए गीता पढ़ने के लाभ धर्म क्या है भगवान क्या हैं इस बारे में विस्तार से बताया भगवान के रहने के पांच स्थान और श्रीमद्भागवत के पात्रों और श्री रामचंद्र जी के जीवन पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर महाराज जी के साथ हरपालपुर से आए दीपक अग्रवाल के साथ नगर से मनोरमा सिंह, हरिशचन्द्र नायक ,आयुष त्रिपाठी,कौशल किशोर,शौकिन खान,सुरेश सोनी सरसेंडा सहित बड़ी संख्या में बुद्धजीवी लोग मौजूद रहे।

# नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन में कवियों की कविताओं ने किया मंत्रमुग्ध




**समय जगत, झाँसी।** बुन्देलखण्ड युवा समृद्धि संस्थान के तत्वावधान में आज नवसंवत्सर के शुभागमन की पूर्व संध्या पर कोतवाली के निकट स्थित पत्रकार भवन में कवि सम्मेलन का आयोजन पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के मुख्य आतिथ्य एवं धर्माचार्य कालीचरण जरौलिया एवं समाजसेवी रामप्रकाश गुप्ता के विशिष्ठ आतिथ्य एवं संस्थान के अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुआ।सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। अतिथियों का स्वागत अखिलेश पाण्डेय, महेश उपाध्याय, राधे चौबे, बाबूलाल आदि ने माल्यार्पण कर किया। सम्मेलन का शुभारम्भ प्रगति सहाय ने सरस्वती की वंदना कर किया।

कवि सम्मेलन में दिनेश गुरूदेव ने ष्सुख समृद्धि सौभाग्य से भरे हृदय का पात्र मंगलमय जीवन करें चौत की नवरात्रश् विजय प्रकाश सैनी ष्भारत की संस्कृति की संवतसर पहचान, विक्रम संवत नाम से कालखण्ड गतिमानश्,राम बिहारी सोनी ने ष्वर्ष नूतन रहे मंगलम्, शांति सौहार्द हो पंथ हो सब सुगमष, राजेश मख्खन ÷तेरी हर खुशी के लिए ये जान जाये तो गम नहींष, रामलखन परिहार जिन्दगी जीना है तो हर हाल में कुछ सुधरो कुछ सुधारो नये साल में, डॉ शरद मिश्रा जो सिखाये वो न धर्म तेरा है, इंसान को रौंदे जो न कदम तेरा है, सपना बबेले हम स्वागतम सबके लिये सजायें नये वर्ष का तराना अब मिले आज गायें, बलराम सोनी नये साल में नये सिरे से जीवन रहे सदा सुखदायी आदि कवियों की रचनाओं को श्रोताओं ने खूब सराहा। सम्मेलन में बद्री यदुवंशी, मोनिका पांडे, रामा शुक्ला आदि कवियों ने अपनी मनमोहक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। समारोह में राधे चौबे, संजीव शर्मा, पुरूषोत्तम बुधौलिया, रजत त्रिपाठी, बाबूलाल सुरेश कुशवाहा, मयंक श्रीवास्तव पार्षद आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन राजेश तिवारी ने किया तथा आभार संजीव त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

# प्रदेश की राजधानी लखनऊ में डॉ. संदीप सरावगी बिग इम्पैक्ट अवार्ड से हुए सम्मानित



**समय जगत, झांसी।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भारत के प्रमुख रेडियो नेटवर्क बिग एफ़एम ने बिग इंपैक्ट अवार्ड के दूसरे संस्करण का भव्य आयोजन किया गया। इस अवार्ड में दूरदर्शी उद्योगपति, समाजसेवियों और नए स्टार्टअप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में बॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा चित्रांगदा सिंह भी उपस्थित रही जो कई फिल्मों और गानों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। कार्यक्रम में ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट, स्वास्थ्य, कल्याण, शिक्षा, फैशन और जीवन शैली सहित प्रमुख क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति भी सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में समाज में योगदान करने वाले लोगों को चयनित कर आमंत्रित किया गया एवं विभिन्न विषयों पर प्रत्येक क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा प्रकाश डाला गया। बुंदेलखंड में समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी को भी आमंत्रित किया गया। मंच पर चित्रांगदा सिंह एवं बिग एफ़एम के सीएफ़ओ सुनील कुमारन द्वारा डॉक्टर संदीप को सपरिवार बिग इंपैक्ट ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ0 संदीप महिला सशक्तिकरण शिक्षा स्वास्थ्य चिकित्सा एवं अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कार्य कर रहे हैं। अपने संगठन संघर्ष सेवा समिति के माध्यम से डॉ0 संदीप अपने 18000 सदस्यों के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए हजारों असहायों और पीड़ितों को लाभान्वित कर चुके हैं। वहीं डॉ0 संदीप की धर्मपत्नी सपना सरावगी भी महिला सशक्तिकरण और आदिवासी क्षेत्रों के विकास हेतु कार्यरत हैं।

आयोजक मंडल का आभार व्यक्त करते हुए डॉक्टर संदीप ने कहा समाज सेवा एक विस्तृत क्षेत्र है किसी एक व्यक्ति के लिए समाज सेवा के सभी आयामों पर कार्य कर पाना संभव नहीं है इसीलिए हमें संगठन की आवश्यकता होती है। हम अपने संगठन के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में असहायों और पीड़ितों को चिन्हित कर उनकी सहायता करते हैं अब तक हम हजारों की संख्या में लोगों को लाभान्वित कर चुके हैं। हमारे कार्यालय से अब तक सैकड़ो बहन बेटियों को पैर पखारकर एवं उपहार देकर विदा किया गया है। समाज सेवा के क्षेत्र में मैं आजीवन कार्य करते हुए अपना सर्वस्व समर्पण करने को भी तत्पर हूँ।

# खड़ौरा निपुण विद्यालय का हुआ सम्मान



**समय जगत, गुरसरांय।** दिसंबर एवं फरवरी माह में हुए निपुण एसेसमेंट टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्राथमिक विद्यालय खड़ौरा के प्रधान अध्यापक सुधीर गौतम को जिला कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपुल शिव सागर द्वारा सम्मानित किया गया।पिछले 2 साल से निपुण लक्ष्य के तहत विद्यालय में पढ़ाई कराई जा रही है जिसमें संकुल शिक्षक सुधीर कुमार एवं समस्त शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों को विद्यालय को निपुण बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। दिसंबर 2024 में डीएलएड प्रशिक्षुओं से विद्यालय का आकलन करवाया गया,इसमें विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर के आधार पर विद्यालय को निपुण चुना गया था। शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट में विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान मनोज कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष वनमाली मिश्रा, पूर्व प्रधानाध्यापक परशुराम पाठक, ओमप्रकाश मिश्रा श्रवण कुमार नायक राम सुमरन मिश्रा राजू मुखिया एवं समस्त स्टाफ अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# आसमान छू रहे निजी प्रकाशकों की किताबों के दाम

## एनसीईआरटी से मिल रही तीन-चार गुना महंगी



**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय के आदेश की अवहेलना करते हुए स्कूल बच्चों को निजी प्रकाशकों की किताबें ही दे रहे हैं। जो एनसीईआरटी की किताबों के मुकाबले तीन से चार गुना महंगी है।कुछ स्कूलों में पूरा सेट लेने पर छूट जैसे ऑफर देकर अभिभावकों को लुभाने की भी कोशिश हो रही है। दिल्ली के स्कूलों में एक अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत होने जा रही है।

सत्र की शुरुआत में ही फीस के साथ कॉपी-किताबों व स्टेशनरी की मुंहमांगी कीमतें अभिभावकों की जेब ढीली कर रही है। शिक्षा निदेशालय के आदेश की अवहेलना करते हुए स्कूल बच्चों को निजी प्रकाशकों की किताबें ही दे रहे हैं। जो एनसीईआरटी की किताबों के मुकाबले तीन से चार गुना महंगी है। एनसीईआरटी की जो किताबें 30 रुपये से लेकर 100 रुपये तक मिलती है, उसी विषय की निजी प्रकाश की किताब की कीमत 200 से 400 रुपये तक है। स्कूलों ने अभिभावकों को बुलाकर किताबें, कॉपियां व स्टेशनरी देना शुरू कर दिया है। किताबों की कीमतें जो सामने आ रही हैं वह एलकेजी कक्षा के लिए आसमान छूने वाली हैं। महज तीन किताबें, आर्ट क्राफ्ट का सामान और स्टेशनरी, नोट बुक पांच हजार का पड़ रहा है। वहीं, कुछ स्कूलों में पूरा सेट लेने पर छूट जैसे ऑफर देकर अभिभावकों को लुभाने की भी कोशिश हो रही है। छठी कक्षा की किताबों व कॉपियों का सेट आठ हजार रुपये से अधिक का है। यदि किसी अभिभावक के दो बच्चे हैं तो उस पर किताबों व कॉपियों, स्टेशनरी के लिए कम से कम 20 हजार रुपये का बोझ पड़ रहा है। इतना ही नहीं किताबों पर जिल्द (कवर) चढ़ाने के पैसे भी अभिभावकों से ही वसूले जा रहे हैं। दिल्ली अभिभावक संघ की अध्यक्ष अपराजिता गौतम कहती हैं कि स्कूल निजी प्रकाशकों की पुस्तकें 90 फीसदी अभिभावकों को दे चुके हैं। अभी जो आदेश दिया गया है वह नई तिथि पर पुराना आदेश है। शिक्षा निदेशालय ने तीन दिन पहले आदेश क्यों निकाला जबकि एक अप्रैल से सत्र शुरू होना है। अभिभावकों से शिकायतें मिली हैं कि पांच विक्रेताओं की कोई सूची स्कूलों ने नहीं दी है। जहां सूची दी है वहां नंबर नहीं लगते। स्कूल एनसीईआरटी को अपनी किताबों की जरूरत नहीं भेजते हैं, वहीं एनसीईआरटी जब तक बाजार में किताबें लेकर आता है तब तक स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबें दे चुके होते हैं। उन्होंने कहा कि निजी प्रकाशकों और स्कूलों के बीच कमीशन का खेल चलता है, लेकिन अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। शिक्षा निदेशालय ने तीन दिन पहले ही निजी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वह किसी खास प्रकाशक की पुस्तक लेने का दबाव नहीं बना सकते। उन्हें किताबों व लेखन सामग्री की उपलब्धता के लिए कम से कम पांच विक्रेताओं के नाम अपने यहां प्रदर्शित करने होंगे। यदि स्कूल ऐसा नहीं करते हैं तो अभिभावक शिकायत भी कर सकते हैं। इसके लिए निदेशालय की ओर से नोडल अधिकारी नियुक्त कर एक नंबर 9818154069 जारी किया गया है।

# भगवान मुनि सुव्रतनाथ का 108 कलश से किया महामस्तकाभिषेक

**समय जगत, मण्डीदीप।** औद्योगिक नगर के श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में शनिवार को शनि अमावस्या के अवसर पर महामस्तकाभिषेक का आयोजन हुआ। वहीं 108 कलशों से श्री मुनिसुव्रत नाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं निर्वाण महोत्सव संपन्न हुआ। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप व सचिव आशु जैन ने बताया कि शनि अमावस्या पर आयोजन में मंदिर जी में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान श्री मुनि सुव्रतनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सुबह 8 बजे महामस्ताभिषेक के आयोजन हुए। जिसमें भगवान के प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य सौ धर्म इंद्र बनकर अजीत कुमार जैन मिठाई परिवार को प्राप्त हुआ तो अन्य इंद्र बनकर अभिषेक करने का सौभाग्य राजीव जैन, विकास जैन परिवार, रितेश जैन परिवार, सुनील जैन, सुलभ जैन परिवार, व जयकुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ। वही भगवान चन्द्रप्रभु का अभिषेक नरेन्द्र कुमार चंदन जैन परिवार व शांतिनाथ भगवान का अभिषेक अजीत कुमार गौरव जैन परिवार द्वारा किया गया। इस दौरान भगवान के 108 कलश से महामस्तक अभिषेक किया गया। अभिषेक के उपरांत शांतिधारा करने का सौभाग्य मुकेश जैन,जयवर्धन जैन, आरके जैन, शीतल धाम परिवार ,व राजीव जैन विकास जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इसके अलावा भगवान चन्द्रप्रभु का शांति धारा



पवन जैन आरती जैन इण्डस परिवार व शांतिनाथ भगवान की शांति धारा अजीत कुमार गौरव जैन परिवार द्वारा की गई। वही भगवान की महा आरती करने का सौभाग्य विजय कुमार दीलिप जैन पहाड़िया परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान भगवान अनंतनाथ के निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य विनोद कुमार आरएनजी परिवार, द्वितीय लाडू कमलेश कुमार आशू जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस मौके पर बीना से पधारे प्रदीप भैया के सानिध्य में व राहुल भैया के स्वरलहरी में श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ भगवान की पूजन की गई। मंदिर कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद जैन व उपाध्यक्ष सत्येन्द्र जैन ने कहा कि शनि अमावस्या पर भगवान श्री मुनिसुव्रत नाथ के दर्शन व भक्ति मात्र से ही कई कष्टों से छुटकारा मिल जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रदालुओं ने पहुंचकर भगवान की भक्ति की।

## सार-समाचार

### ग्राम बेजड़ में हुआ उप स्वास्थ्य केंद्र का भूमिपूजन



**समय जगत, तलेन।** नगर के निकटस्थ ग्राम बेजड़ में 55 लाख की राशि से उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का भूमि पूजन नरसिंहगढ़ विधानसभा के लोकप्रिय विधायक मोहन शर्मा के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। बताते चलें कि बेजड़ 55 लाख की लागत राशि से उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होना है उसी क्रम में यह भूमिपुजन सम्पन्न हुआ, क्षेत्रीय विधायक मोहन जी शर्मा दादा ने ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्वक कार्य को करने का आग्रह किया है,इस मोके पर क्षेत्रीय विधायक मोहन जी शर्मा के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, भाजपा मंडल तलेन अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव, पूर्व नपाध्यक्ष चंदर सिंह यादव उस्ताद, पूर्व नपाध्यक्ष भारत सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य रामबाबू मंडल, ग्राम पंचायत सरपंच मानसिंह राजपूत सहित कई कार्यकर्तागण, अधिकारी गण, ग्रामीण जन मौजूद रहे, कार्यक्रम की मुख्य विशेषता ये रही की इस पुरे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के बूथ अध्यक्ष कृपाल सिंह द्वारा की गयी जोकि ग्राम केंद्र के बूथ के अध्यक्ष के दायित्व पर है, बताते चले की छोटे से छोटे कार्यकर्ता का सम्मान भाजपा मे ही देखने को मिलता है और ये कार्यक्रम इसका अभिनव उदाहरण है. हादसा जंगल के करीब सड़क पर होने के कारण आग बुझाने के लिए कोई संसाधन नहीं थे। नूंह सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### उषा सक्सेना की सेवानिवृति पर भाहुक हुआ विद्यालय परिवार



**समय जगत, भोपाल।** बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता हैं। शिक्षक ही छात्र को संस्कारवान आदर्श कुशल नागरिक बनाता है। जीवन को जीने की कला सिखाता है जब शिक्षक अपने कर्तव्य काल को पूरा करता है तो शासन प्रशासन सेवानिवृति देकर सम्मानित किया जाता हैं। शासकीय मौलाना अबुल कलाम आजाद विद्यालय में आयोजित सेवानिवृत कार्यक्रम में संस्था की सीनियर शिक्षिका श्रीमति उषा सक्सेना को पूरे विद्यालय परिवार ने नम आंखों से विदा किया। श्रीमति उषा सक्सेना के विदाई समारोह में उपस्थित छात्र छात्राएं एवं विद्यालय परिवार की आंखे नम हो गई। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया की सक्सेना मैडम से हमे बहुत सीखने को मिला बच्चों ने भी सक्सेना मैडम को अपनी ओर से स्नेह का उपहार दिए।

कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना महिला इकाई की जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रमिला सक्सेना ने श्रीमति उषा सक्सेना को पुष्पमाला पहनाकर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर कायस्थ महासभा के राजगढ़ जिला मार्गदर्शक दक्ष सक्सेना युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विपुल सक्सेना प्रदेश कार्यकारणी से विजय सक्सेना उज्जैन महिला इकाई की श्रीमति ममता सक्सेना श्रीमति ऋतु सक्सेना अपने उद्बोधन में श्रीमती उषा सक्सेना ने कहा मेने शासकीय सेवा को ईमानदारी पूर्णनिष्ठा से किया पूरे सेवाकाल में उच्च अधिकारियों को कोई शिकायत नहीं मिला न ही शिकायत का मोका मिला। सभी जगह मुझे हर छात्र छात्राएं से सम्मान मिला मुझे सभी ने बहुत स्नेह दिया। मेरी प्रारंभिक सेवा शाजापुर जिले से प्रारंभ होकर राजगढ़ भोपाल तक हुई। उन्होंने राजगढ़ जिले के शासकीय विद्यालय देहरी बामन, हायर सेकेण्डरी स्कूल करेड़ी में बहुत ही अच्छा समय देकर संस्कारवान छात्र छात्राओं को घड़ा। उनकी दी गई शिक्षा से आज बहुत से छात्र छात्राएं शासकीय सेवा में उच्च पदों पर सेवाएं दे रहे। कायस्थ महासभा जिला राजगढ़ के युवा प्रकोष्ठ के विपुल सक्सेना ने श्रीमति उषा सक्सेना को अब कायस्थ समाज को समय देनेका आग्रह किया। श्रीमति उषा सक्सेना ने विपुल सक्सेना के आग्रह को स्वीकार करते हुए जिले में कायस्थ समाज की गतिविधियों को विस्तार करने को कहा। समय समय पर कार्यक्रमों में शामिल होगी।

# महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिलाए बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा: शुक्ल



**समय जगत, भोपाल।** उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल की सामान्य सभा की बैठक हुई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में अध्यनरत विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थी बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा प्राप्त कर अच्छे चिकित्सक बन सके।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शहडोल संभाग के शहडोल,अनूपपुर एवं उमरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से निरोगी काया अभियान की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन कराया जाए तथा समय-समय पर महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि सीएमएचओ एवं बीएमओ इस कार्य को प्राथमिकता से लें तथा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच करने हेतु मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें तथा वरिष्ठ अधिकारी मॉनिटरिंग भी करें। बैठक में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, जयसिंह मरावी, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक उपस्थित थे।

# सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बाहर से लानी पड़ रही हैं दवाएं

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल व बाहरी दिल्ली के सत्यवादी राजा हरिशचंद्र अस्पताल में इलाज करवाने आ रहे मरीजों को दवाएं बाहर से खरीदकर लानी पड़ रही हैं। डीडीयू पश्चिमी दिल्ली का सबसे बड़ा अस्पताल हैं। यहां रोजाना हजारों मरीज ओपीडी में इलाज करवाने आते हैं। इसके अलावा दूसरे अस्पतालों से भी मरीज रेफर होते हैं। अस्पताल में दवाओं की कमी की समस्या शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में उठी। हरिनगर से विधायक श्याम शर्मा ने सदन में नियम 280 के तहत मुद्दे को उठाते हुए विधानसभा अध्यक्ष को इस दिशा में आदेश देने की मांग रखी। सदन में श्याम शर्मा ने कहा कि मरीजों को दवाएं बाहर से लानी पड़ती हैं। अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों का अभाव है। इसके अलावा अस्पताल में अन्य सुविधाएं भी नहीं हैं। मरीजों का कहना है कि द्वारका स्थित इंदिरा गांधी, जाफरपुर स्थिति राव तुला राम, डाबड़ी स्थित दादा देव सहित अन्य अस्पतालों में आने वाले मरीजों की स्थिति गंभीर होने पर डीडीयू रेफर किया जाता है, लेकिन मौजूदा समय में यहां सुविधाएं नहीं हैं जिससे मरीजों को सफदरजंग या दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ता है। डॉक्टरों का भी कहना है कि अस्पताल में दवाओं की समस्या को कई बार उठाया गया है, लेकिन



पर्याप्त स्टॉक नहीं आता। पश्चिमी दिल्ली में दुर्घटना सहित दूसरे कारणों से चोटिल हुए मरीजों को डीडीयू लाया जाता है, लेकिन लंबे समय से एमआरआई मशीन खराब होने के कारण मरीज की जांच नहीं हो पाती। गंभीर मरीजों को लोकनायक रेफर कर दिया जाता है। डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में हार्ट अटैक के मरीजों को सीपीआर देने की भी व्यवस्था नहीं है। यह मशीन भी लंबे समय से खराब है, लेकिन कोई सुध नहीं लेता। डीडीयू अस्पताल में तीन साल से न्यूरोलॉजी विभाग खाली है। यहां से डॉक्टर का तबादला कर दिया गया था। उसके बाद से विभाग में कोई संकाय नहीं आया। विधायक ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि पश्चिमी दिल्ली में बड़ी संख्या में न्यूरोलॉजी विभाग के मरीज हैं, लेकिन डॉक्टर न होने से उन्हें इलाज नहीं मिल पाता। वहीं, इस संबंध में अस्पताल के प्रमुख डॉ. बीएल चौधरी से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान आप विधायकों ने महिला समृद्धि योजना को लेकर हंगामा किया। विधायकों के शांत न होने पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नेता प्रतिपक्ष आतिशी सहित आप के कई विधायकों को एक-एक कर मार्शल की मदद से बाहर निकाल दिया। कई विधायक स्वयं बाहर चले गए। आप विधायकों ने 2500 रुपये की सहायता राशि को लेकर सरकार से सवाल किए। वे पोस्टर और पर्चे लेकर पहुंचे थे। विधायक सुरेंद्र कुमार ने सरकार से पूछा कि यह योजना कब लागू होगी। इस बीच मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि योजना को लागू करने के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की गई है और अधिसूचना जारी होते ही पात्र महिलाओं को सहायता राशि दी जाएगी। इस जवाब से असंतुष्ट आप विधायक संजीव झा ने पोस्टर लहराया, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शलों को विधायकों को बाहर निकालने का आदेश दिया। इसके बाद आतिशी, मुकेश अहलावत, जरनैल सिंह, विशेष रवि, प्रेम चौहान सहित अन्य विधायकों को बाहर कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विपक्षी सदस्य सदन की कार्यवाही में व्यवधान डाल रहे थे, क्योंकि वे दिल्ली परिवहन निगम के कामकाज पर कैग रिपोर्ट को लेकर बहस से बचना चाहते थे। इस घटनाक्रम के बाद आप विधायकों ने विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा चुनाव हारने के बाद से विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी सहित अन्य आप नेता मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। वे एक ही मुद्दे पर रोज बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने की कोशिश करते रहते हैं।चुनाव हारने के अगले दिन से ही आप नेता महिला समृद्धि योजना के 2500 रुपये को लेकर बयान दे रहे हैं।

# 3,722 करोड़ से होंगे विकास कार्य, बजट पर लगी मुहर

**गाजियाबाद।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में शुक्रवार को शहर के विकास कार्यों के लिए 3722 करोड़ रुपये के बजट पर मुहर लगी। यह बजट सभी 100 वार्डों में होने वाले विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। इससे नगर निगम के क्षेत्र में आने वाली सड़कों की मरम्मत, सीवर के कार्य, पानी, स्ट्रीट लाइट समेत अन्य कार्यों को रफ्तार मिलेगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 2413 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव रखा गया था, जो इस बार बढ़कर 3722 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कई अन्य प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। पत्रकार किरणपाल राणा के निधन पर कार्यकारिणी के बैठक के दौरान सदस्यों और नगर निगम के कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।




नगर निगम की ओर से पेश किए गए बजट में लगभग 2754 करोड़ आय प्रस्तावित की गई है। इसमें संपत्ति कर, लाइसेंस, विक्रय, किराया, ठेका, शुल्क विविध आय शासकीय अनुदान व अन्य मदों को सम्मिलित किया गया। वार्ड 27 के पार्षद नरेश जाटव ने कहा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए रिश्वत मांगी जा रही है। विजयनगर जोनल कार्यालय से इसकी कई शिकायतें आई हैं। इस पर महापौर सुनीता दयाल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जोनल कार्यालयों की औचक जांच कराई जाएगी। कोई कर्मचारी अगर प्रमाण पत्र के लिए रिश्वत मांगता या लेता पाया जाता है, तो नौकरी से बर्खास्त करने के साथ ही उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। वार्ड 59 के पार्षद राजीव शर्मा ने शहर में अवैध होर्डिंग व विज्ञापनों पर लगाम लगाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि अवैध विज्ञापनों पर कार्रवाई करते हुए नए स्थानों को चिह्नित करके आय में इजाफा हो सकता है। मार्केट सर्वे के हिसाब से विज्ञापनों की दर तय की जाए। इसके लिए पार्षदों और अधिकारियों की संयुक्त कमेटी तैयार की जाए।

# ग्रीन बेल्ट में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमीक्रोन-1 के चार नंबर गेट के सामने ग्रीन बेल्ट में पेड़ों से गिरे सूखे पत्तों में शुक्रवार शाम को आग लगने से आसपास के निवासियों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में फायरबिग्रेड टीम को सूचना दी। सूचना पर पहुंची टीम ने देर रात करीब 10 बजे आग पर काबू पा सकी। वहीं सेक्टर ओमीक्रोन-2 के सामने खाली पड़े प्लाट स्टेलर आरएम के सामने कूड़े के ढेर में आग लग गई थी। जिसपर भी फायरबिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया। ग्रेटर नोएडा सेक्टर ओमीक्रोन-1 के चार नंबर गेट के सामने ग्रीन बेल्ट में संदिग्ध परिस्थितियों में देर शाम को आग लग गई। वहीं, स्थानीय निवासी योगेन्द्र मावी ने बताया कि शाम करीब सात बजे आग लगी थी। आनन-फानन में उन्होंने फायरबिग्रेड टीम को घटना की सूचना दी। जिसके बाद करीब आधे घंटे बाद पहुंची फायरबिग्रेड की टीम ने निवासियों की मदद से करीब साढ़े दस बजे आग पर काबू पा सकी। उन्होंने बताया कि ग्रीन बेल्ट को इस दौरान काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि कई बार यहां से कूड़ा हटाने को लेकर शिकायत कर चुके हैं लेकिन अधिकारी कोई भी कार्रवाई नहीं करते हैं। पतझड़ के चल रहे मौसम के दौरान पेड़ों से पत्ते लगातार गिरते रहते हैं और काफी ज्यादा संख्या में यहां पर पत्ते हो गए थे। जिसके चलते संदिग्ध परिस्थितियों में शुक्रवार की शाम अचानक आग लग गई जो कि इतना ज्यादा विकराल वह धारण कर लिया कि चारों तरफ आगे ही आग दिखाई दे रही थी। उन्होंने बताया कि अधिकारी साफ सफाई के मामले में काफी ज्यादा लापरवाही भारत रहे हैं जब अधिकारियों के शिकायत करो तो कार्रवाई के



नाम पर सिर्फ उनसे आश्वासन मिलता है लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं की जाती है जिसके चलते लोगों की समस्या लगातार बनी रहती है। वहीं, ओमीक्रोन-2 के सामने खाली पड़े प्लाट स्टेलर आरएम के सामने कूड़े के ढेर में आग लगने से आसपास क्षेत्र में चारों ओर जहरीला धुआं फैल गया। लोगों का आरोप है कि यहां पर लगातार कूड़ा फेंका जाता है जिसके चलते यहां पर काफी ज्यादा कूड़ा जमा हो गया है और शुक्रवार शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। लोगों का आरोप यह भी है कि प्राधिकरण के अधिकारियों से कई बार कूड़ा उठाये जाने को लेकर शिकायत दी गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने के कारण लगातार यहां पर कूड़े का ढेर जमा होता रहा है। राजस्थानी लोगों ने बताया कि कूड़े के ढेर में आग लगने से लोगों को वहां से निकलने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा क्योंकि जो आज का धुआं निकल रहा था वह काफी जहरीला था।

# ईद के लिए सजे बाजार, लोगों ने शुरू की खरीदारी

**फरीदाबाद।** ईद करीब आते ही बाजारों में चहल पहल बढ़ गई है। महिलाएं साज सिंगार का सामान तो लोग घर पर दावत के लिए खाने-पीने का सामान खरीद रहे हैं। खजला, फेनी, सेवइयां, टोपी आदि की दुकानें सजना शुरू हो गई हैं। ओल्ड फरीदाबाद, एनआईटी एक नंबर, बल्लभगढ़ मार्केट सहित जिले के छोटे-बड़े बाजारों में दुकानें सजाई गई हैं।

शुक्रवार को अलविदा की नमाज के बाद बजारों में भीड़ देखी गई। सेवई व्यापारी रमेश ने बताया कि इस बार सेवई की कीमत में काफी उछाल आया है। पिछले वर्ष जो सेवई 80 रुपये प्रति किलो बिकती थी वहीं 100 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है। लच्छा सेवई की जबरदस्त मांग है। इसके साथ ही ड्राई फ्रूट की बिक्री में भी तेजी आई है। पिछले साल के मुकाबले इस साल ड्राई फ्रूट के भाव में बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल बादाम 900 से 1000 रुपये प्रति किलो थे



जो कि इस बार 1100 से 1200 रुपये हैं। वहीं किशमिश की बात करें तो वह भी 350 से 500 रुपये प्रति किलो बिक रही है। ऊंचागांव की मस्जिद के मौलाना जमालुद्दीन के अनुसार ईद की सही तारीख चांद देखने के बाद तय होगी। रमजान की आखिरी जुमे की नमाज शुक्रवार को अदा की गई। जिसमें जिले के करीब 50 हजार से अधिक लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के दौरान लोगों ने अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं ईद को लेकर उनकी ओर से मस्जिद की साफ सफाई के साथ सजावट का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। शहर के प्रमुख बाजारों में चहल-पहल बनी हुई है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार ईद की खरीदारी पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर हो रही है। लोग परिवार और दोस्तों के लिए भी गिफ्ट्स खरीद रहे हैं। त्योहार की खुशियों को दोगुना करने के लिए हर कोई अपनी पसंद की चीजें खरीदने में जुटा हुआ है। कपड़े, जूते, सेवई, इत्र और ज्वेलरी की धूम मची हुई है। यहां एनआईटी और ओल्ड फरीदाबाद की दुकानों पर लोगों को चिकन के साथ सूती कुर्ते काफी पसंद आ रहे हैं। इसके अलावा टोपी भी कपड़ों के मैचिंग की ले रहे हैं। इस बार बाजार में रंग-बिरंगे कुर्ते-पजामे उपलब्ध हैं, जिसकी कीमत 1000 से 2000 रुपये तक है। ईद के लिए खासकर कपड़े और जूता-चप्पल की दुकानों में अधिक भीड़ देखी जा रही है। यह स्थिति शहर से लेकर ग्रामीण इलाके के बाजारों तक है। महिलाएं जहां सा?ी लहंगा, सूट व अन्य कपड़ों की खरीदारी कर रही हैं वहीं, पुरुष वर्ग कुर्ता, पायजामा, बंडी आदि की खरीदारी करते दिख रहा है। इसके अलावा महिलाएं सजने-संवरने के लिए सौंदर्य प्रसाधन व गहनों की भी खरीदारी कर रही हैं। पुरुष व महिला दोनों वर्ग जूते-चप्पल व अन्य सामान की खरीदारी कर रहे हैं।

# साइबर ठगों को बैंक खाता बेचने वाला हुआ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर ठगों को बैंक खाता बेचने के आरोप में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ की टीम ने एक आरोपी सुखदेव को जोधपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी जोधपुर की गौड कॉलोनी का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला कि एक दोस्त के जरिये ये जोधपुर निवासी राकेश से मिला था। राकेश को इसने कमीशन के लालच में अपना बैंक खाता बेचा था। राकेश ने वो खाता आगे बेचा था। सुखदेव के ही खाते में 214257 रुपये आए थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी सुखदेव को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है। वहीं इससे खाता खरीदकर आगे बेचने वाला आरोपी राकेश 50 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में राजस्थान की कोटा जेल में बंद है। उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर टीम पूछताछ करेगी। मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत सेक्टर-8 निवासी व्यक्ति ने दी थी। जिसमें बताया कि जुलाई 2023 में उन्हें टेलीग्राम पर मैसेज आया। जिसमें घर बैठे कमाई का ऑफर दिया गया। एक महिला ने व्हाट्सएप पर संपर्क किया और फिर एक ग्रुप में जोड़कर कुछ टास्क दिए। टास्क पूरा करने पर शिकायतकर्ता को कुछ रुपये मिले। बाद में प्रीपेड टास्क में निवेश करने पर मुनाफे का झांसा दिया गया। पीड़ित ने 230553 रुपये ट्रांसफर कर दिए। जिस पर मुनाफा होना बताया गया। लेकिन रिफंड के दौरान आरोपी और रुपयों की मांग करने लगे तो ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# अति प्राचीन रामायणकालीन है तुलजा भवानी का मंदिर, दिन में तीन रूपों में देती हैं दर्शन

## चैत्र नवरात्र पर विशेष

**मनीष गुप्ता- समय जगत, खंडवा ।** जिले का प्रसिद्ध तुलजा भवानी का मंदिर खंडवा की धार्मिक एवं पुरातत्व धरोहर में से एक हैं. इस मंदिर में मां भवानी की स्वयंभू मूर्ति विराजित हैं. रामायण काल की बताई जाती है , जो दिन के तीन पहर में अलग-अलग रूप धारण करती हैं. सुबह के समय बाल्यावस्था, दोपहर में युवावस्था, वहीं शाम के समय वृद्धावस्था में दिखाई देती हैं.यह मंदिर खंडवा जिले की धार्मिक और पुरातात्विक धरोहरों में सबसे प्राचीन और प्रसिद्ध माना जाता है. गर्भगृह में स्थापित भवानी माता सिद्धीदात्री के रूप में विराजित हैं, जो अष्टभुजी स्वरूप में सिंह पर सवार होकर राक्षसों का वध कर रही हैं। भवानी माता मंदिर भक्तों की आस्था और विश्वास को अपने में समेटे हुए है. मंदिर के विषय में धार्मिक पौराणिक उल्लेख मिलते हैं, जिसमें इस मंदिर का महत्व बेहद प्रगाढ़ रूप से मिलता है. मंदिर के साथ जुड़ी मान्यताएं और किंवदंतियों श्रद्धालुओं में बहुत प्रचलित हैं. मां तुलजा भवानी के इस स्थान को रामायण काल के पावन समय से जोड़ा जाता है मान्यता है कि 14 साल के वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम, माता सीता



और लक्ष्मण के साथ खांडव वन (वर्तमान खंडवा) आए थे. भगवान श्रीराम ने इस मंदिर में 9 दिनों तक मां तुलजा भवानी की आराधना की थी और मां से अस्त्र-शस्त्र का वरदान लेकर दक्षिण की ओर प्रस्थान किया था। महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण ने धनुर्धर अर्जुन के साथ यहीं पर अग्निदेव का अजीर्ण रोग का उपचार किया था और देवी की शक्ति से इंद्र को वर्षा करने से रोका था. वहीं मराठा नायक छत्रपति शिवाजी मां तुलजा भवानी को अपनी आराध्य देवी मानते थे. किवंदती है कि शिवाजी को मां भवानी ने शमशीर प्रदान की थी, उसी शमशीर के तेज से उन्होंने मुगलों के दांत खट्टे कर दिए थे। खंडवा में स्थित मां तुलजा भवानी मंदिर अति प्राचीन होने के साथ-साथ दादाजी का भी मंदिर है केशवानंद जी महाराज बड़े दादा जी और हरिहर भोले छोटे दादा जी ,भवानी माता को स्थानीय लोग नकटी माता कहते थे. वहीं धूनीवाले दादाजी ने इन्हें तुलजा भवानी नाम दिया था. तभी से इन्हें इस नाम से जाना जाता है. तुलजा भवानी की यह प्रतिमा जमीन से प्रकट हुई थी. तुलजा भवानी के दरबार में नवरात्रि के 9 दिनों में खंडवा और आसपास के क्षेत्रों से मां के भक्तों दर्शनों के लिए आते हैं. ऐसा माना जाता है कि नवरात्रि के दिनों में यहां भक्तों के द्वारा जो भी मनोकामना मांगी जाती है, वह पूरी होती है।

# चैत्र नवरात्रि पर शिव मंदिर आमला में होगा सीताराम कीर्तन

**आमला।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर हवाई पट्टी के पास स्थित मनोकामना नाथ नागेश्वर शिव मंदिर में सीताराम कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कीर्तन 30 मार्च से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल रामनवमी के दिन समाप्त होगा । कीर्तन का यह 41 वॉ वर्ष है। मंदिर समिति के लक्ष्मण चौकीकर, भरत चौकीकर ने बताया कि साकेतवासी महामंडलेश्वर 1008 स्वामी रघुवरदास महाराज चतुर्भुजी भगवान का मंदिर विघाकुण्ड अयोध्या निवासी के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से सीताराम कीर्तन पिछ्ले 40 वर्षो से प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र पर आमला में आयोजित किया जा रहा है। कीर्तन में उमराव चौकीकर भगत जी का रामायण मंडल, बोड़खी आमला के भजन मंडल, महिला मंडल, देवगांव, नांदीखेडा, छावल खापा, जामठी, ससाबड,

## सीताराम कीर्तन का है 41 वॉ वर्ष



अंधारिया, नहिया, और आस-पास के ग्रामों से श्रद्धालु शामिल होंगे । मंदिर समिति ने सभी लोगो से कीर्तन में पधारने का निवेदन किया है।

# अनमोल पोर्टल के सम्बन्ध में मेडिकल आफिसर का उन्मुखीकरण सम्पन्न

**रतलाम।** जिले के जिला प्रशिक्षण केन्द्र विरियाखेडी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में मेडिकल आफिसर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एम.एस. सागर ने सभी चिकित्सकों को अपने कार्य स्थल पर उपस्थित रहकर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने हेतु निर्देशित किया है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अनमोल पोर्टल के माध्यम से महिला के गर्भ धारण करते ही आनलाईन पंजीयन की प्रक्रिया अनमोल पोर्टल पर अपलोड की जाती है। गर्भवती महिला की स्वास्थ्य संबंधी स्थिति जैसे हाईरिस्क के लक्षण आदि सहित समस्त जांच एवं टीकाकरण आदि की स्थिति का भी आनलाईन पोर्टल पर रिकार्ड रखा जाता है। इस पोर्टल पर गर्भवती महिला के आधार नम्बर, समग्र आईडी और बैंक खाता क्रमांक की भी जानकारी अपलोड की जाती है। इस जानकारी के आधार पर प्रसव के समय गर्भवती महिला को पात्रता अनुसार जननी सुरक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजनान्तर्गत राशि आनलाईन सीधे उनके खातों में प्रदान की जाती है। डॉ. सागर ने बताया कि सभी लक्ष्य दम्पत्ति को अपना आधार नम्बर, समग्र आईडी के साथ लिंक करवाना चाहिए ताकि भुगतान के समय किसी भी प्रकार की परेशानी न हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि अनमोल पोर्टल के सम्बन्ध में चिकित्सा अधिकारी प्रशिक्षित होने के उपरांत अपने क्षेत्र में एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करें ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सके।

# पेंशनभोगियों के खिलाफ पारित कानून का कामरेड पुरी ने किया विरोध

**आमला।** ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यकारणी (विशेष आमंत्रित) सदस्य, वायु भवन, नई दिल्ली जे सी एम सदस्य एवं हिंद मजदूर सभा (मध्य प्रदेश) राज्य कार्यकारणी सदस्य कॉमरेड चन्द्रशेखर पुरी ने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लोकसभा में पारित एक विधेयक को लेकर कड़ा विरोध जताया है। श्री पुरी ने इस कानून को पेंशनभोगियों के बीच भेदभावपूर्ण करार देते हुए इसे सरकारी कर्मचारियों के हितों के खिलाफ बताया है । उनका कहना है कि वित्त विधेयक 2025 के तहत पारित यह नया कानून सरकार को यह अधिकार देता है कि वह वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने में पेंशनभोगियों के साथ भेदभाव कर सके। यह सरकार द्वारा अपनाया गया एक अन्यायपूर्ण और भ्रामक कदम है, जो नवउदारवादी ताकतों के इशारे पर लागू किया जा रहा है।

## कानून की प्रावधानों पर आपत्ति

कामरेड पुरी ने कहा कि यह कानून पेंशनभोगियों को सेवानिवृत्ति की तारीख के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर उनके साथ अन्याय करता है। खास बात यह है कि इस कानून को 1 जून 1972 से पूर्वव्यापी



रूप से लागू किया गया है, जिससे हजारों पेंशनभोगी प्रभावित होंगे। यह सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972, 2021 और 2023 के तहत बनाए गए नियमों को भी प्रभावित करता है।श्री पुरी का आरोप है कि यह कानून गारंटीड ओल्ड पेंशन स्कीम , न्यू पेंशन स्कीम और हाल ही में लाई गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत आने वाले सभी पेंशनभोगियों के अधिकारों को कमजोर करेगा। सरकार इस कानून को 1 अप्रैल 2025 से लागू करने की अधिसूचना जारी कर चुकी है।

## सरकार पर साधा निशाना

श्री पुरी ने इस कानून को मोदी सरकार की कर्मचारी-विरोधी नीति का हिस्सा बताया और कहा कि यह श्रमिकों और पेंशनभोगियों के हकों पर सीधा हमला है। इस संबंध में ए आई डी एफ एवं सभी केंद्रीय श्रम संगठन ने चेतावनी दी कि कर्मचारी और पेंशनभोगी पुरानी पेंशन योजना की बहाली से कम कुछ भी स्वीकार नहीं करेंगे। कामरेड चन्द्रशेखर पुरी ने केंद्र सरकार से इस विधेयक को रद्द करने की मांग की है और पेंशनभोगियों के समर्थन में आंदोलन जारी रखने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि सभी केन्द्रीय संगठनों ने कहा कि यह लड़ाई कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ी जाएगी और किसी भी भेदभावपूर्ण नीति को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**सारंगपुर ।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर में सभी कक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी ओमप्रकाश विजयवर्गीय रहे एवं अध्यक्षता ओम प्रकाश राठौर एडव्होकेट ने की। हाल ही में बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 5 एवं 8 के परीक्षा परिणाम में विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 5 एवं 8 में सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए और सभी को शुभकामनाएं दी । विद्यालय प्राचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त आचार्य दीदियों को श्रेष्ठ परिणाम पर बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार का आत्मीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन गोविंद सिंह राठौड़ ने किया तथा आभार सुशील व्यास द्वारा व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सैलाना में नवजात शिशु की मृत्यु के मामले में प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई

**रतलाम।** रतलाम जिले में सैलाना विकासखण्ड में नवजात शिशु की मृत्यु के मामले में कलेक्टर श्री राजेश बाथम ने तत्काल जांच के निर्देश दिए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एम.एस. सागर ने विभागीय स्तर पर मामले जांच करवाई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कर्तव्य में लापरवाही पाई गई। इस क्रम में मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डा. पी.सी. कोली को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए उनका मुख्यालय रतलाम निर्धारित किया गया है। सैलाना में ड्यूटी डाक्टर शैलेष डांगे के विरुद्ध कार्रवाई हेतु आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं म.प्र. भोपाल को पत्र प्रेषित किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सैलाना में पदस्थ श्रीमती चेतना चारेल नर्सिंग आफिसर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा श्रीमती गायत्री पाटीदार एनएचएम संविदा नर्सिंग आफिसर की सेवा समाप्ति संबंधी कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। प्रकरण में शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि समय की कमी के चलते 108 नम्बर पर एम्बुलेंस के लिए काल नहीं कर सके थे, इसलिए उपलब्ध संसाधन से प्रसूता को अस्पताल ले जाया गया।

### एफएलएन मेला द्वितीय चरण संपन्न



**मनावर।** राज्य शिक्षा के निर्देश अनुसार एफएलएन मेला द्वितीय चरण का आयोजन संकुल की सभी प्राथमिक शालाओं में किया गया, जिसमें बच्चों को शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, बच्चों का कोना इत्यादि पर गतिविधि करवाई गई, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धार से उपस्थित प्रमोद शर्मा, भूषण देशपांडे, जितेंद्र शर्मा के साथ जन शिक्षक तेजालाल पंवार द्वारा बालक प्रावि बाकानेर, नयापुरा कल्याणपुरा शालाओं अवलोकन किया गया एवं मेले में की जा रही गतिविधियों के संबंध में संस्था प्रधान , एफ एल एन कक्षा शिक्षक एवं बच्चों से जानकारी ली गई।

### एक अप्रैल को खरगोन जिले में रहेगा अवकाश

**समय जगत, बिस्टान ।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने वर्ष 2025 के लिए खरगोन जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने संशोधित आदेश जारी कर 03 अक्टूबर 2025 का स्थानीय अवकाश निरस्त करते हुए उसके स्थान पर 01 अप्रैल 2025 को गणगौर तीज महोत्सव पर संपूर्ण जिला खरगोन सीमा क्षेत्र के लिए पूर्ण दिवस का स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इसी प्रकार 29 जुलाई 2025 को नागपंचमी के लिए केवल भीकनगांव अनुभाग में पूर्ण दिवस, 11 अगस्त 2025 को शिवडोला महोत्सव पर केवल खरगोन अनुभाग क्षेत्र में पूर्ण दिवस का, 22 अगस्त 2025 को अहिल्या उत्सव पर केवल मण्डलेश्वर अनुभाग क्षेत्र में पूर्ण दिवस का अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश बैंक एवं कोषालय पर लागू नहीं होंगे।

### सागर में संविधान चौक का हुआ लोकार्पण

**समय जगत, भोपाल।** नगरीय विकास मंत्र कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि सागर में बनाये गये संविधान चौक से अन्य जिलों को भी संविधान चौक बनाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंदौर में भी सागर जैसा संविधान चौक बनाया जायेगा। मंत्री श्री विजयवर्गीय शुक्रवार को सागर में संविधान चौक के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। सागर नगर निगम ने शहर के अंबेडकर पार्क में चौराहे का सौंदर्यीकरण करते हुए संविधान चौक का निर्माण किया है। कार्यक्रम में विधायक श्री शैलेन्द्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी भी मौजूद थीं। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन स्थल से संबंधित जगहों पर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा स्मारक तैयार किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने नागपुर में जहाँ शिक्षा-दीक्षा ली, वहाँ 500 करोड़ रुपये की राशि से विशाल स्मारक का निर्माण किया जा रहा है।

# सुभाषिनी विद्या मंदिर ससुंद्रा के तीन बच्चों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

## सत्र 2015 से लगातार हो रहा बच्चों का चयन



**आमला ।** जनपद पंचायत आमला क्षेत्रांतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ससुंद्रा के सुभाषिनी विद्या मंदिर स्कूल के कक्षा 5 वी में अध्यनरत तीन नवनिहालो ने नवोदय विद्यालय प्रभात पट्टन चयन परीक्षा वर्ष 2025 में परचम लहराकर अपनी शाला सहित पालकों का नाम रोशन किया है। बच्चों के बेहतर परीक्षा परिणाम एवं उनकी उपलब्धि पर सुभाषिनी विद्या मंदिर ससुंद्रा के संस्था प्रमुख प्राचार्य मनीष माथनकर ने चयनित बच्चो को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा शाला के शिक्षक कमलेश माथनकर के कुशल एवं सफ़ल मार्गदर्शन एवं मेहनत से प्रतिवर्ष नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में शाला से बच्चो का चयन हो रहा है जो सराहनीय है । उन्होंने इस मौके पर बच्चों सहित समस्त स्टॉफ को बधाई दी । गौरतलब हो की सुभाषिनी विद्या मंदिर हाइस्कूल ससुंद्रा की कक्षा 5वी से सत्र 2015 से 2025 तक लगातार प्रतिवर्ष बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रभात पट्टन में होता आ रहा है। 2025 में भी तीन बच्चों का चयन हुआ है। जिसमे पलक दिनेश साहू,दिशा नारायण लिखितकर और भावेश गुलबराव माथनकर शामिल है।

# नगर परिषद बोड़ा का 2025-26 का बजट स्वीकृत, बैठक सफलता पूर्वक संपन्न

**बोड़ा।** नगर परिषद बोड़ा की बजट बैठक शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे नगर परिषद सभा कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में 15 में से 11 पार्षद उपस्थित रहे, जिनमें 4 महिला और 7 पुरुष पार्षद शामिल थे। बैठक के दौरान विधायक मोहन शर्मा और सीएमओ भगवान सिंह भिलाला से पार्षदों ने शहर के विकास कार्यों को लेकर सीधे सवाल-जवाब किए। नगर परिषद बोड़ा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 करोड़ 39 लाख 82 हजार 500 रुपये की अनुमानित आय और 15 करोड़ 39 लाख 10 हजार रुपये के अनुमानित व्यय को स्वीकृति दी। इस बजट में 72,500 रुपये की बचत होगी। बजट का फोकस शहर के बुनियादी ढांचे के विकास और सुधार पर रखा गया है। बैठक में नगर परिषद के 7 महत्वपूर्ण बिंदुओं को सर्वसम्मति से पारित किया गया:1. वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की स्वीकृति। 2. छोटे पुल के पास रिटर्निंग वॉल एवं वार्ड क्रमांक 2 (रावजी



बाग) में सीसी रोड निर्माण।

3. 45W, 60W और 90W की LED लाइट्स की खरीदी।

4. कौसेलिक, कार्बोलिक और ब्लीचिंग पाउडर की खरीदी।

5. रोसला रोड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों और नगर परिषद कार्यालय के सामने स्थित दुकानों की दरें स्वीकृत।

6. बस स्टैंड ठेका (अस्थाई दखल शुल्क) के लिए वर्ष 2025-26 की दरें स्वीकृत।

7. नामांतरण प्रकरण की स्वीकृति।

## नगर विकास पर जोर

बैठक में विधायक मोहन शर्मा ने कहा, नगर के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और सभी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।÷ वहीं, नगर परिषद अध्यक्ष निकिता जायसवाल ने कहा, ÷सभी पार्षदों की सहमति से विकास कार्यों को गति दी जाएगी। सभी पार्षदों का आभार व्यक्त करती हूं।

# रबी फसल उपार्जन केंद्र बारकिया वेयर हाउसिंग पर खरीदी का शुभारंभ

**सारंगपुर।** सरकार समर्थन मूल्य पर उपज खरीद इसलिए करती है ताकि किसानों को अपनी फसल के लिए उचित दाम मिल सके और उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान न हो। मध्य प्रदेश में गेहूं की खरीदी शुरू हो चुकी है। किसान भाइयों को सरकार द्वारा चलाई गई ई उपार्जन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य में चना, रायडा एवं मसूर आदि के खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, किसान ज्यादा से ज्यादा यह अपनी उपज को लेकर आए और समर्थन मूल्य पर अच्छे दामों में अपनी उपज को सरकार को बेचे। यह बात धनोरा सोसायटी के रबी फसल उपार्जन केंद्र बारकिया वेयरहाउसिंग पर रबी उपज खरीदी केंद्र का शुभारंभ करते हुए राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि बारकिया वेयरहाउस सारंगपुर को समर्थन मूल्य में चना रायडा मसुर खरीदी केंद्र बनाया गया है जिसका गुरुवार शाम को शुभारंभ मध्य प्रदेश के राज्य मंत्री गोतम टेटवाल द्वारा किया गया। उन्होंने समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए लगाए गए तोलकांटो की पूजा कर खरीदी का शुभारंभ किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन ने कहा कि सरकार किसानों को समर्थन मूल्य देकर आर्थिक रुप से मजबूत करने का प्रयास कर रही है। किसानों को सम्मान निधि के रुप से सम्मान दिया जा रहा है और अनेको योजना सरकार किसानों के हित में चला रही है। इस मौके पर वेयर हाउस संचालक अनिल बारकिया ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए वेयरहाउस पर समस्त व्यवस्था जिसमें छाया, पानी आदि की सुविधा दी जा रही है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता निर्मल जैन, सहकारी नेता जगदीशसिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह परमार, सारंगपुर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, पेट्रोल पंप संचालक देवनारायण पाटीदार ,पूर्व अध्यक्ष सतीश बैस, नपा उपाध्यक्ष



निलेश वर्मा, ओम जी पुष्पद महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष, डीएमओ संजय गीते, सीसीबी मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिलीप सिंह चौहान, वेयरहाउस संचालक , अखिल बारकिया सहित किसान भाई खरीदी केंद्र पर उपस्थित थे।

# कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन करने की दी चेतावनी

# हरिजन शब्द का उपयोग करना सरपंच को पड़ा भारी, संगठनों ने जताई आपत्ति, की कार्रवाई की मांग

**समय जगत, खिरकिया।** दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत मांदला सरपंच विनय मांझी ने सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप पर हरिजन शब्द को लेकर एक टिप्पणी कर दी। टिप्पणी को लेकर समाज में हंगामा मच गया जिसको लेकर भीम आर्मी संगठन और जयश संगठन ने आपत्ति जताते हुए जिला कलेक्टर आदित्य सिंह से कार्रवाई की मांग की। ज्ञात हो अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए हरिजन शब्द को लिखने बोलने पर न्यायालय ने प्रतिबंध किया है भारत सरकार के सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार आधिकारिक रूप से अनुसूचित जातियों के संबंध में हरिजन शब्द के उपयोग पर पाबंदी के निर्देश भी दिए गए है। बावजूद इसके हरिजन शब्द को उपयोग में लिया जा रहा है। जिससे राष्ट्रीय जय भीम आर्मी संगठन और जयश खासा नाराज है। वहीं इस वर्ग के शिक्षित लोगों ने भी इसका कड़ा विरोध करते हुए निंदा की है। इधर भीम आर्मी संगठन के संभागीय अध्यक्ष महेंद्र काशिव मैहरा और जयश संगठन के अध्यक्ष राकेश काकोडिया ने हाईकोर्ट के आदेश की छायाप्रति दिखाते हुए बताया कि हरिजन शब्द के प्रतिबंध को लेकर कानून तो बन गया है। परन्तु कानून का पालन कराने वाले कानून के रखवाले ही इस शब्द का उपयोग कर रहे हैं। राशन कार्ड एफआईआर, आधार कार्ड, परिचय पत्र, डाक पत्र आदि पर जाति व स्थान की जगह हरिजन मोहल्ला, बस्ती लिखा जा रहा है। उन्होंने जनसंपर्क मध्य प्रदेश जनसंपर्क हरदा भोपाल कमिश्नर मोहन यादव यूथ ब्रिगेड ग्रेट पीएमओ इंडिया आइडी पर अपनी पोस्ट में लिखा की ग्राम पंचायत मांदला के सरपंच द्वारा आज हरिजन शब्द का उपयोग किया और सोशल मीडिया पर भी हरिजन शब्द लिखकर वायरल किया जबकि 2010 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने इस संबंध में नए सीरियल से दिशा निर्देश जारी करके हरिजन शब्द पर रोक लगाई लेकिन सरपंच द्वारा बार-बार हरिजन शब्द का प्रयोग किया गया या अपमान किसी भी कंडीशन में बर्दाश्त नहीं करेंगे जिला कलेक्टर इस घटना को जल्द से जल्द संज्ञान में लेते हुए जांच करके कार्रवाई करें अन्यथा भीम आर्मी संघठन सड़कों पर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। जानकारी लगते ही ग्राम पंचायत मांदला सरपंच ने विनय माझी ने अपनी पोस्ट में बताया कि ग्राम पंचायत के कुछ मोहल्ले में हो रहे विकास कार्यो को लेकर एक सूचना व्हाट्सएप ग्रुप में डाली गई थी जिसमें एक मोहल्ले का नाम जो गांव में वर्षों से आम बोलचाल में बचपन से सुनते आ रहे हैं वही मैंने लिखा जिसका मुझे खेद है और यदि उस शब्द से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं सरपंच होने के नाते में उसे मोहल्ले का नाम बदलने और हमारे महापुरुष महर्षि वाल्मीकि या आजाद नगर के नाम पर ग्राम पंचायत में प्रस्ताव रखूँगा ।

# 25 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त, कांस्य और सिलवर श्रेणी में हुई शामिल

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान हुए सम्मानित

**समय जगत, ललितपुर।** प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टी.बी. हारेगा देश जीतेगा की थीम पर आयोजत विश्व क्षय रोग दिवस में टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को कलैक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र व स्मृति प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षय रोग उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने वाले स्वयंसेवी संगठनों/एक्स-रे लैब संचालकों व अन्य अधिकारी/कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अप्रैल माह में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की गई। अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी वि./रा.अंकुर श्रीवास्तव ने अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के विजन टीबी मुक्त भारत को साकार करने के लिएघर-घर जाकर टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग कर उन्हें उपचार दिया जाए और निर्धारित समय पर फोलोअप लिया जाए। मौके पर उन्होंने संचारी रोगों की रोकथाम हेतु अप्रैल माह में प्रस्तावित विशेष अभियान की भी समीक्षा की और क्षेत्रीय कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर डोर टू डोर मरीजों के चिन्हांकर करने व जन-जागरुकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस बात का ध्यान रखा जाये कि माइक्रोप्लानिंग फॉर्मेट में तिथिवार एवं क्षेत्रवार जिस प्रकार गतिविधियां अंकित की गयी हैं वह उसी प्रकार तिथिवार एवं क्षेत्रवार सम्पादित की जायें। जिससे सभी गतिविधियों की मॉनीटरिंग/पर्यवेक्षण सम्भव हो सके। कार्यक्रम में टी.बी. कन्सल्टेंट डा.जेएस बक्शी ने बताया कि जनपद में विगत 100 दिवसों में क्षय रोग उन्मूलन हेतु विशेष अभियान चलाकर टीबी के मरीजों का चिन्हीकरण किया जा रहा है, विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 29 प्रतिशत अधिक मरीजों का चिन्हीकृत किया गया है। वल्नरेवल पॉपूलेशन में 120 प्रतिशत स्क्रीनिंग की गई हैं। गोद लिये गए मरीजों को पोषण किटों का वितरण किया गया।



इसके साथ ही टीबी मरीजों का प्रतिमाह एक हजार रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जाती है, अब तक 80 प्रतिशत डीबीटी पेमेंट हो चुका है। बताया कि जनपद में कुल 415 ग्राम पंचयातों में से 25 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी हैं, जिन्हें कास्य कलर की श्रेणी में रखा गया है, साथ ही इन 25 ग्राम पंचायतों में से 2 ग्राम पंचायतें सिलवर कलर की श्रेणी में आ चुकी हैं। इन 25 ग्राम पंचायतों में देवरी, महरौनीखुर्द, विद्याखेत, अगौरा, अगौड़ी, सिमिरिया, उद्गुवां, असउपुरा, सारसेढ, विजयपुरा, रारा, बगौरा, टेटा, खजुरिया, पिपरिया, मकरीपुर, बछरई, छपरौनी, ऊमरी, फुलवारा, भैलोनीलोध, ककड़ारी, धमना, सिमिरिया, चंदावली शामिल हैं। इसके उपरान्त इन टीबी मुक्त 25 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों व क्षय रोग उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने वाले स्वयंसेवी संगठनों /एक्स-रे लैब संचालकों व अन्य अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संचारी रोगों के प्रति जनजागरुकता हेतु उत्कृष्ट मीडिया कवरेट हेतु जिला सूचना अधिकारी दयाशंकर व कार्यालय से सुमित कुमार को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

इसी दौरान आगामी माह अप्रैल 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने अभियान की संक्षिप्त रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जनपद में 01 से 30 अप्रैल 2025 संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 से 30 अप्रैल 2025 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए शासन के निर्देशानुसार अभियान में विभिन्न गतिविधियां करायीं जायेगी।

इन गतिविधियों के माध्यम से जनपद वासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जायेगा। साथ ही सम्बन्धित विभिन्न विभागों से नियमित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाया जायेगा। उन्होनें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए कहा। इसके साथ ही आशा कार्यकत्रियों की दस्तक अभियान में सहभागिता सुनिश्चितीकरण तथा उनके द्वारा किए गये कार्यो का न्यूनतम् 10 प्रतिशत सत्यापन जनपद स्तर पर डी.सी.पी.एम. तथा ब्लॉक स्तर पर बी.सी.पी.एम. का उत्तरदायित्व होगा तथा सभी जनपद स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी सी.एस. प्रो ऐप पर डिजीटली मॉनीटरिंग डेटा अपलोड करना सुनिश्चित करेगें। डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान / दस्तक अभियान में सभी विभागों के कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी एवं संचारी रोगों के नियंत्रण में जन सहभागिता जरूरी है। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल किस्टोफर मैसी द्वारा वेक्टर जनित रागों की स्थिति से अवगत कराया गया साथ ही उनसे बचाव के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने बताया कि सभी विभागों से सम्पर्क कर संचारी रोग नियंत्रण अभियान का माइकोप्लॉन प्राप्त कर लिया गया है। लोकवाणी के प्रतिनिधि प्रकज तिवारी के माध्यम से निरन्तर एफएम. रेडियों पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रचार प्रसार हेतु जनमानस में मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु संदेश प्रसारित किया जा रहा है।

बैठक में सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, अपर सी.एम.ओ., बीएसए, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग, नगर पालिका परिषद्, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, प ्र ि त ि न ि ध डब्लू.एच.ओ./प्रतिनिधि-यूनीसेफ, सूचना विभाग, शिवराम सिंह निरंजन, जिला कार्यक्रम समन्वयक, जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षक, सहायक मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया निरीक्षक उपस्थित रहे।

## बाल श्रम कानून की आड़ में व्यापारियों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

**ललितपुर।** प्रदेश के श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 में दिये गये प्रावधानों के विपरीत बाल श्रमिकों एवं व्यापारियों का प्रतिदिन किये जा रहे उत्पीडन् को रोके जाने, बाल श्रमिकों को एक्ट की धारा 14 बी (2) का पालन करते हुये 15000/- रूपये बाल श्रमिकों के खाते में जमा कराये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश म श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा बाल श्रमिकों को गलत परिभाषित करते हुये 18 साल से कम उम्र के बाल श्रमिकों एवं व्यापारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है, जबकि उपरोक्त एक्ट में बाल श्रमिकों को 14 साल से लेकर 18 साल से कम के बाल श्रमिकों को शर्तों के साथ छूट दी गयी हैं और उनसे अधिकतम 6 घण्टे का कार्य संस्थाओं/प्रतिष्ठानों के द्वारा लिया जा सकता है एवं रजिस्टर को व्यवस्थित करना होगा और 3 घण्टे के उपरांत एक घण्टे की छुट्टी देनी होगी। किन्तु इसके विपरीत 18 साल से कम उम्र के सभी बाल श्रमिकों को पकडकर प्रताडित किया जा रहा है ।

## कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय, विरारी में शिक्षक श्रीमती शोभना सोनी को भावभीनी विदाई



**समय जगत, ललितपुर ।** कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय, विरारी में सहायक अध्यापक श्रीमती शोभना सोनी के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय में भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्रीमती सोनी ने अपने शिक्षकीय जीवन में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया।उनके रिटायरमेंट के अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चे, स्टाफ सदस्य और गाँववासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विदाई के दौरान विद्यालय का माहौल भावुक हो गया। बच्चों और स्टाफकी आँखें नम हो गई। सभी ने अपने प्रिय अध्यापक को फूलमाला पहनाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी और उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर गाँव के गणमान्य लोग, अभिभावकगण और विद्यालय परिवार ने उनके स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की। श्रीमती शोभना सोनी का समर्पण और शिक्षा के प्रति उनकी लगन विद्यालय और बच्चों के हृदय में सदा बनी रहेगी।

## सेवा संकल्प और समर्पण की भावना से कार्यकर्ताओं के परिश्रम की बदौलत चुनाव में भाजपा को जनता का समर्थन मिल रहा : अशोक राजपूत

**समय जगत, मोंठ।** भाजपा सेवा संकल्प और समर्पण के साथ जनता की सेवा करने वाले कार्यकर्ताओ की पार्टी है सेवा संकल्प और समर्पण की भावना से कार्यकर्ताओ के परिश्रम की बदौलत चुनाव मे भाजपा को जनता का समर्थन मिल रहा है यह बात अशोक सिंह राजपूत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा कानपुर बुंदेलखंड ने प्रदेश सरकार की आठ साल की उपलब्धियो को लेकर घर-घर सम्पर्क अभियान के तहत लाभार्थियो से संवाद के दौरान मोठ नगर मे कही क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने उज्जवला योजना को करोड़ो गरीबो को शस्कतीकरण का हथियार बताते हुए कहाकि उज्जवला योजना के कुल लाभार्थियो मे 48 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति से है ।



सम्पर्क अभियान मे हैन्डविल,पत्रक बांटकर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियो को सूचीबद्ध किया तथा 29मार्च को मोदीजी के मन की बात के कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुनने की रणनीति तय की घर-घर सम्पर्क अभियान मे प्रमुख रूप से सुरजीत राजपूत ,प्रहलाद दागी,शशिकांत उपाध्याय,पुष्पेंद्र राजपूत,सुमित दांगी,गगन गिरी,साकेत राजपूत,कुलदीप मिश्रा तथा मलखानसिह राजपूत उपस्थित रहे अंत मे आभार डा अवधेश आर्य ने किया ।

## बच्चे ही देश का भविष्य है : एएसपी अनिल कुमार

**समय जगत, ललितपुर।** स्थानीय मोहल्ला सरदारपुरा स्थित श्रीलक्ष्मी बाल विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान एएसपी अनिल कुमार ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य है बच्चों में शिक्षा के सथ-साथ संस्कार एवं चारित्रिक विकास भी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पढ़ा लिखा बच्चा ही समाज और देश को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान निभा सकता है। बच्चों को खेलकूद पर भी ध्यान देना होगा, जिससे उनका शरीर स्वस्थ रहेगा। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन प्रसन्न रहेगा। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विभाग द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिन्हें ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है जो भी पात्र छात्र-छात्राएं हों वह आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने सभी बच्चों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और कहा कि जो बच्चे प्रथम श्रेणी द्वितीय श्रेणी तृतीय श्रेणी में परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं वह आगे और मेहनत करें जिससे उन्हें और अच्छे परिणाम मिल सके। इस अवसर पर परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं कक्षाओं में अधिकतम उपस्थित वाले बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

## सरकार द्वारा शराब बिक्री के लिए बम्पर ऑफर पर आफत

**समय जगत, ललितपुर।** आम आदमी पार्टी ने जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में विभिन्न मुद्दों को रखा गया है। आम आदमी पार्टी ने बताया कि सरकार द्वारा शराब बिक्री के लिए बंपर ऑफर दिए जाने पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। बताया कि महरौनी तहसील के ग्राम किसरदा में दबंगों द्वारा बाउंड्री वॉल तोड़कर जबरिया कब्जा किए जाने के प्रयास की घटना को संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी गयी। इसके अलावा जिले में हो रहे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका की मेरिट लिस्ट में अवैध रूप से रुपया लेकर हो रही धांधली की तत्काल जांच कराये एवं आंगनबाड़ी नियुक्तियां की पत्रावलियां तलब कर मेरिट लिस्ट के हिसाब से नियुक्ति किये जाने की मांग उठायी गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, महिला जिला अध्यक्ष हरिबाई, मीना राजा, विवेक जैन, सचिन यादव, मनीष जैन, रमेश कुमार, अनूप ताम्रकार, आरती, मनीष जैन, संतोष, रामदास, राजाराम, सविता, किशन प्रमोद नामदेव एड. आदि लोग उपस्थित रहे।

## ललितपुर पुलिस के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समय जगत, ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एक शाम खाकी के नाम में मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र केशव कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकरों व ललितपुर पुलिस टीम द्वारा अपनी-अपनी कलाओं (नृत्य/गायन) की शानदार प्रस्तुति कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डीआईजी केशव कुमार चौधरी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकरों व पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा कर, उत्साहवर्धन हेतु शील्ड व प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में ललितपुर पुलिस/प्रशासन परिवारीजन, पुलिस पेन्शनर्स, क्षेत्रीय लोग आदि उपस्थित रहे।

## ईओ ने ईदगाह व मस्जिदों का किया निरीक्षण

**समय जगत, ललितपुर।** अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, कर अधीक्षक / प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार जैन द्वारा नगर में स्थित समस्त ईदगाहों/ मस्जिदों आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ईओ ने संबंधित स्वास्थ्य नायकों को निर्देशित किया कि ईद-उल-फित्तर पर्व मनाया जाना है। उक्त तिथि को मस्जिदों, ईदगाहों आदि पर विशेष सफाई अभियान चलाते हुए साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। ईदगाहों, मस्जिदों आदि के आसपास खुले नालें, नालियो को पूर्ण रूप से बंद कराया जाये। अधिशासी अधिकारी ने दोनों सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देश दिये कि उक्त तिथि तक सूअर पालको को निर्देशित करें कि वह अपने सूअरों को बाड़े में ही रखे, यदि किसी भी सूअर पालक द्वारा सूअरों को खुले में छोड़ दिया जाता है कि संबंधित के विरूद्ध जुर्माना वसूल करते हुए एफआईआर दर्ज करने की नियमानुसार कार्यवाही करें।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, कर अधीक्षक / प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश जैन, नजूल लिपिक सुधीर कुमार, लिपिक अमित कुमार, हेड सुपर वाइजर संजय कुमार, सुपरवाइजर अमित कुमार सहित स्वास्थ्य नायक एवं नगर पालिका के अधिकारी / कर्मचारी मौजूद रहे।

## ओरछा बेतवा नदी के कंचना घाट पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ होगा शुभारंभ

**समय जगत, निवाड़ी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विगत वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रदेश में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया था। इसी आयोजन को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस वर्ष दिनांक 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक अभियान को योजना बध्य क्रियान्वयन करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसका प्रमुख उद्देश्य जल संरक्षण और जल संवर्धन सुनिश्चित करना है। अभियान के संचालन हेतु 15 विभागों को सहभागी बनाया गया है। जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ,जल संसाधन विभाग ,लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग ,वन विभाग ,स्कूल शिक्षा विभाग एवं अन्य विभाग सम्मिलित हैं। कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ ने जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल संचालन के



संबंध संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। 30 मार्च 2025 को जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ओरछा बेतवा नदी के कंचना घाट पर शाम 4 बजे आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में जनसमूह की उपस्थिति में अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ-साथ नगरीय एवं पंचायत स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, अधिकारियों एवं जनसमूह की उपस्थिति में अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें मुख्यतः कंचना घाट की साफ सफाई एवं बेतवा नदी पर दीप उत्सव का कार्यक्रम आयोजित कर बुंदेलखंड की मां गंगा कहीं जाने वाली बेतवा नदी की आरती का आयोजन शामिल हैं एवं विधिवत कार्यक्रम किए जाएंगे कलेक्टर महोदय निवाड़ी द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं जन समुदाय को उपरोक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आवाहन किया गया है।

## प्रयास सभी के लिए की महिला विंग वर्ष 2025-26 के लिए चुनाव हुए सम्पन्न, रितु पुरवार अध्यक्ष, सरिता अग्रवाल सचिव चुनी गई




**समय जगत, झांसी।** संस्था प्रयास सभी के लिए की महिला विंग की आम सभा संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के निर्देशन में अध्यक्ष ज्योति ओमहरे की अध्यक्षता में आयोजित हुई आयोजित बैठक एक स्थानीय होटल में सम्पन्न हुई जिसमें आगामी वर्ष 2025-26 के लिए नयी कमेटी का गठन किया गया। पदाधिकारियों का चुनाव संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा की देख रेख में सम्पन्न हुआ। आम सभा में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन का निर्णय लिया गया वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष पद पर रितु पुरवार ,सचिव पद पर सरिता अग्रवाल चुनी गई जिनके नामों की घोषणा संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के द्वारा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अलका गेड़ा, कुमकम गुप्ता, रेखा लोहिया, रेखा शर्मा, संगीता वर्मा, अंजू लोहिया, मधु पासी, अनीता चौरसिया, हर्षिता मिश्रा, दिव्या नगरिया, निशा श्रीवास्तव, सुनीता खरे, हेमलता यादव, नीरू पाण्डेय, अनीता मुखरैया,शोभा तिवारी, गीता वर्मा, राखी श्रीवास्तव,माया पटवारी, सुमन बिलैया, कुसुम लता जैन, राधा पहारिया, साधना अग्रवाल,इंदु दीवान, मुक्ता अरोरा, अनु दीवान, ज्योति श्रीवास्तव, अंजू बिलैया, मोना सहगल, प्रज्ञा गुप्ता,नमिता गुप्ता, संगीता सेठ, संध्या सेठ आदि उपस्थित रहे।

## मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित



**समय जगत, झांसी।** मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक अरुण कुमार शुक्ला जी का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम एवं शैक्षिक संगोष्ठी कार्यशाला का आयोजन होटल यात्रिक झांसी में संपन्न हुआ कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे ।

श्री संजीव कुमार तिवारी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ झांसी एवं सम्मानित अध्यापक उपस्थित रहे श्री अरुण कुमार शुक्ला एडी बेसिक ने कहा व्यक्ति सेवानिवृत्ति अपने कार्यो से होता है उसकी विदाई नहीं होती उन्होंने कहा सभी अध्यापक अपने विद्यालय के बच्चों को संस्कार दें वह बच्चे अपने माता-पिता का सम्मान करें कार्यक्रम में निम्न अध्यापक उपस्थित रहे संजीव रावत, धर्मेंद्र दुबे, राहुल त्यागी संजय द्विवेदी सुभाष त्रिपाठी, अभिषेक मिश्रा, रामकुमार, रमेश गुप्ता, नवनीत शास्त्री, के.के तिवारी,सौरभ शर्मा,कपिल दिक्षित, हेमंत त्रिपाठी, विवेक पांडे,विवेक जैन, सुदामा प्रसाद, मनोज यादव, प्रदीप पाठक,राजेंद्र यादव ,अमित पांडेय,शैलेंद्र शर्मा, जितेंद्र पटेल, अनिल कुमार पांचाल, रामकुमार, राजेन्द्र निरंजन, भूपेंद्र व्यास और कार्यक्रम का संचालक श्री संजय द्विवेदी ने किया आभार श्री के के तिवारी ने किया।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता : एसडीएम

## सेवा से अलग होने पर शिक्षक समाज को दिशा देता है : पुनीत सिंह

**- अध्यापन से हटने के बाद शिक्षक के आदर्श समाज के लिए लाभकारी - विजय सिंह गोलू राजा**

**- तालबेहट के बम्होरी सर की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सविता जैन के सेवानिवृत्त होने पर हुआ सम्मान समारोह**




**समय जगत, तालबेहट ।** आज स्थानीय भगवती पैलेस में उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्होरी सर की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सविता जैन का सेवानिवृत्त समारोह उपजिलाधिकारी श्री भूपेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य व पुनीत सिंह परिहार अध्यक्ष नगर पंचायत तालबेहट एवम विजय सिंह गोलू राजा ब्लॉक प्रमुख के विशिष्ट आतिथ्य तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री समर सिंह की अध्यक्षता तथा श्रीमती स्मिता तिवारी के संयोजन में सम्पन्न हुआ समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हरिश्चंद्र रावत व समाजसेवी अनुपम लिटोरिया जी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी समारोह में बोलते हुए उपजिलाधिकारी श्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षक कभी सेवा निवरत्त नहीं होता है अपने जीवन पर्यन्त शिक्षा का दान करता रहता है नगर पंचायत अध्यक्ष श्री पुनीत सिंह परिहार ने कहा कि सेवा से अलग होने पर शिक्षक समाज का दर्पण होता है तथा उसे शिक्षा देने का कार्य करता है इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्री विजय सिंह गोलू राजा ने कहा कि शिक्षक के रिटायर होने के बाद उसके बनाये गये आदर्श समाज के लिए सीख होते हैं खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री समर सिंह ने भी श्रीमती सविता जैन को सम्मानित करते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की ।

समारोह में बोलते हुए शिक्षक नेता देवेश शर्मा ने श्रीमती सविता जैन को बुके देकर सम्मानित करते हुए कहा कि इनके सत्ताइस वर्ष के सेवाकाल में आपने अनगिनत बच्चों को काबिल बनाया एवम उनके आगे के जीवन को खुशहाल रहने के लिए शुभकामनाये दीं शिक्षक नेता विजय मिश्रा ने भी श्रीमती सविता जैन के सफल कार्यकाल के कुछ संस्मरण सुनाये वही शिक्षक नेता शैलेन्द्र रावत विभूति मिश्रा अमरेश राय देशभक्त चतुर्वेदी महेंद्र बिलगईया श्रीमती छाया निरंजन ने भी श्रीमती जैन को शुभकामनाएं व बधाईयाँ प्रेषित की इस अवसर पर बम्होरी सर के स्टॉफश्रीमती स्मिता तिवारी नीलम आर्य ममता शशांक सोनम तिवारी आदि ने उपहार तथा स्मृति चिन्ह देकर अपनी प्रधानाध्यापिका को सम्मानित किया इसके साथ ही कार्यक्रम की संयोजिका श्री मती स्मिता तिवारी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किये ।

इस अवसर पर बम्होरी सर ग्राम प्रधान प्रतिपाल सिंह ए आर पी अमित चतुर्वेदी संतोष गुप्ता कुलदीप चौरसिया महेंद्र सिंह यादव सपना दीक्षित देवेश रिछारिया दीपक श्रीवास देवेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन ए आर पी आशुतोष बिलगईयां ने तथा आभार श्रीमती स्मिता विभूति मिश्रा ने व्यक्त किया।

# हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एक जुटता के साथ पार्टी को मजबूत करते हुए जनहित में करना होगा संघर्षः यादव



**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिले के प्रवास पर पहुचे अखिल भारतीय काग्रेस कमेटी के सचिव तथा प्रदेष सह प्रभारी चंदन यादव ने पन्ना जिला मुख्यालय में अल्प प्रवास करते हुये स्थानीय एवरसाइन गार्डन में पार्टी पदाधिकरियों कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि बर्तमान समय में प्रदेष तथा देष की सरकार द्वारा पुरे देष में अराजकता का महौल फैला रखा है मॅहगाई बेरोजगारी बिगड़ी कानून व्यवस्था सहित अनेक कठिनाईओं से आम जनता परेषान है इस लिये हम सभी काग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को जहॉ एक ओर एक जुटता के साथ पार्टी को गॉव गॉव मजबूत करना है तथा सभी छोटे कार्यकताओं में जोष भरना है वही दूसरी ओर अराजकता फैला रही सरकारों से भी लड़ने का समय है आगे उन्होने कहा कि मै पहली बार आया हॅू सभी से कम समय में मेल मुलाकात करते हुये आगे फिर आ कर पार्टी के कार्यक्रमों को आगे बढाते हुये जनता की लड़ाई लडेगें। उक्त बैठक में जिले भर से भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे सचिव श्री यादव का जिला काग्रेस अध्यक्ष षिवजीत सिंह द्वारा फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रमुख रूप से अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दूबे प्रदेष महासचिव विरेद्र द्विवेदी जीवन लाल सिद्धार्थ भुवन विक्रम सिंह ब्लॉक अध्या अजयगढ़ दादूराम मिश्रा देवेंद्र नगर आनंद षुक्ला गुनौर अरूण गौतम अमानगंज भभूत सिंह राजपूत पवई माखन पटेल पन्ना अक्षय तिवारी शाहनगर सालिगराम गौतम धरमपुर शंकर द्विवेदी महिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष श्रीमती रहीमा खातून पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला श्रीमती चांदनी जाटव श्रीमती आस्था तिवारी बरीष्ठ काग्रेस नेता रामकिषोर मिश्रा राजेष तिवारी देवेंद्र सिंह यादव मारतंड बुंदेला राजबहादुर पटेल डॉ कदीर खान अनीष खान सेवा लाल पटेल एजाज अहमद पार्षद रिहान मोहम्मद वैभव थापक शषिकांत दीक्षित मुरारीलाल थापक प्रहलाद यादव भूपेद्र सिंह परमार राकेष शर्मा कमलराजपूत भूपेद्र बुंदेला नरेंद्र विष्वकर्मा चंचल जैन जीतेंद्र जाटव दीपक तिवारी सौरभ पटेरिया अनुज श्रीवास देबू गौड अभिषेक चौरासिया पुरूषोत्तम जड़िया लखन केवट किषन अग्रवाल सरदार यादव गुडडा खान सहित भारी संख्या में पार्टी के कार्यकता उपस्थित रहे। पन्ना पहुॅचने के पूर्व पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा अजयगढ बाईपास रोड पर फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

# जिले की 25 ग्राम पंचायत मुख्यालयों में होगी मंगलवार को जनसुनवाई

**समय जगत, दमोह।** शासन की मंशानुसार विभिन्न योजनाओं व सेवाओं के लाभ पात्र व्यक्तियों की कतार के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, सुशासन के उच्चतम मापदण्ड को प्राप्त करने एवं शासन द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त विकासखण्डों की निर्धारित 25 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम का अनिवार्य रूप से आयोजन निर्धारित किया है। जनपद पंचायत दमोह की ग्राम पंचायत बांसा तारखेडाए बांदकपुर एवं अभानाए जनपद पंचायत पटेरा की ग्राम पंचायत कुम्हारी एवं लुहारी, जनपद पंचायत हटा की ग्राम पंचायत मड़ियादो, रनेह, बर्धा, भैंसा एवं गैसाबाद, जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत नोहटा, सिंग्रामपुर एवं बनवार, जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा की ग्राम पंचायत तारादेही, पतलोनी, तेजगढ एवं झलौन, जनपद पंचायत पथरिया की ग्राम पंचायत बांसाकला, बोतराई, नरसिंहगढ एवं सीतानगर, जनपद पंचायत बटियागढ़ की ग्राम पंचायत फुटेराकलॉए खडेरीए मगरोन एवं फतेहपुर आदि ग्राम पंचायतों में प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जनसुनवाई में संबंधित ग्राम पंचायत के प्रभार वाले ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, आंगनबाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, विक्रेता सार्वजनिक वितरण प्रणाली, हैण्डपम्प मैकेनिक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लाइनमेन उर्जा विभाग, बीट प्रभारी पुलिस विभाग एवं बीट प्रभारी वन विभाग आदि अधिकारी/कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के प्रभारी संबंधित ग्राम पंचायत सचिव रहेंगे जो जनसुनवाई से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे जनसुनवाई का बोर्ड, प्रचार-प्रसार, आवेदकों की बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि करेंगे एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों को पंजीबद्ध कर प्राप्त/निराकृत आवेदनों की जानकारी जिला कार्यालय को प्रेषित करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगरीय आवास विकास मंत्री का हुआ भव्य स्वागत



**खुरई।** शुक्रवार के दिन नगरीयविकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नगर आगमन पर क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर एवं चंद्र प्रताप ठाकुर की उपस्थिति में नगर एवं ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं ने नगरीयआवास एवं विकास मंत्री का ऐतिहासिक स्वागत किया वही विधायक प्रतिनिधि एवं क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ने नगरीयआवास विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पगड़ी पहनकर स्वागत किया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष ए नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्षएपार्षद ए कार्यकर्ता बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रात 1 बजे हुए हादसे में एक व्यक्ति की हुई मौत



**बरौदिया कला।** नेशनल हाइवे 44 पर ट्रक और कंटेनर की जोरदार भिड़ंत से दर्दनाक हादसा हो गया। मालथोन थाना के बरौदिया कलां चौकी अंतर्गत होटल राज विराज के सामने गुरुवार रात 1 बजे हुए हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हुए है।बरौदिया कलां चौकी प्रभारी धनेंद्र यादव घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वाहन क्रमांक एच आर 38 जेड 6282 मालथोन से सागर की तरफ जा रहा था तभी सामने से गलत साइड से रहा ट्रक क्रमांक आर जे 11 जी सी 3221 ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें कंटेनर चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान केशव धाकड़ ग्राम भानगढ़ थाना सुमातपुरा जिला शिवपुरी के रूप में हुई हैं। दोनों वाहन में सवार चार अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों में हरिओम पिता गिरिराज निवासी भानगढ़ हरनाम पिता नर्मदा निवासी सलैया संजय पिता नाथूराम और राजा पिता प्रतिपाल निवासी झीकनी थाना बांदरी शामिल हैं। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया हैं। पुलिस ने मृतक एवं घायलों के परिजनों को सूचित किया हैं। मामले में आगे की कार्यवाही जारी हैं।

### अलाउंस सिस्टम से पुलिस कर रही ट्रैफिक कंट्रोल



**आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोदकुमार सिंह के निर्देशन में बडौद चौराहा पर पब्लिक अलाउंस सिस्टम से यातायात प्रबंधन किया जा रहा है। अलाउंस सिस्टम से वाहन चालकों व आम जनता को ट्राफिक नियमों की जानकारी देते हुए नियमों का पालन करने की सलाह दी जा रही हैं। यातायात सुबेदार जगदीश यादव ने बताया कि प्रयास किए जा रहे है कि जल्द ही छावनी क्षेत्र में भी इस प्रकार की व्यवस्था की जाएगी।

## आज से शुरू होगा जलगंगा संवर्धन अभियान

# जिले में जलगंगा संवर्धन अभियान की अगुवाई करेगा समाज

**जल स्त्रोतों के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिये एकजुटता व जनभागीदारी से होंगें कार्य जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों और अधिकारियों की बैठक में अहम निर्णय**



**समय जगत, कटनी।** जिले में वर्षा जल की बूंदों को सहेजने का जलगंगा संवर्धन महाभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जलस्त्रोतों तथा नदी, कुंओं, तालाबों, बावड़ियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये 30 जून तक संचालित होने वाले इस महत्वाकांक्षी अभियान को सभी की समन्वित भागीदारी से क्रियान्वित किया जायेगा। यह जानकारी शुक्रवार को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं व उद्योगपतियों की मौजूदगी में आयोजित बैठक में दी गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौजूद रहें। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बैठक में भावी पीढ़ी के लिये जल स्त्रोतों का संरक्षण व संवर्धन कर पानी को सहेजने के जतन में सम्मिलित सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर किया। इस वर्ष संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की थीम जनसहभागिता से जल स्त्रोतों का संवर्धन है। बैठक में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी ऋषि चरार द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों के साथ-साथ बीते साल में हुये उल्लेखनीय कार्यों का पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जीवंत प्रदर्शन किया। बैठक में पहुंचे सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल अमल के लिये कुओं एवं बोरवेल को रिचार्ज करने तालाब की साफ-सफाई करने जैसे कई अहम सुझाव दिये। इस मौके पर मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने पानी को रोकने व सहेजने का अभियान शुरू करने के लिये मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समूचे जलगंगा संवर्धन अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और मार्गदर्शन लिया जाये और जनपद पंचायत स्तर पर बैठकें आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विमर्श व सलाह लिया जाये। कलेक्टर श्री यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 30 मार्च को उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण देवता का पूजन और जलाभिषेक के साथ शुरू होने वाले राज्यव्यापी जलगंगा संवर्धन अभियान के सीधे प्रसारण और मुख्यमंत्री के संबोधन को देखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि अभियान के दौरान ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार का कार्य किया जायेगा। साथ ही पुराने तालाबों, चेक डैम, तथा स्टाफ डैम की मरम्मत व जीर्णोद्धार और मानसून अवधि के दौरान अविरल निर्मल नर्मदा योजना के तहत पौधारोपण जैसे कार्यों को क्रियान्वित किये जाने की जानकारी दी।

### गाईड लाईन वर्ष 2025-26 के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर जिला मूल्यांकन समिति के निर्णय

**आगर मालवा।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष-2025-26 की गाईड लाईन के संबंध में जिला मूल्यांकन समिति की गत दिवस सम्पन्न हुई बैठक में चार उप जिला मूल्यांकन समिति आगर, बडौद, सुसनेर एवं नलखेडा से गाईड लाईन वर्ष 2025-26 हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर निम्नानुसार निर्णय लिये गये। उप जिला मूल्यांकन समिति सुसनेर से नगर पालिका सुसनेर के वार्ड नंबर 12 में 1 नवीन लोकेशन (लोकेशन का नाम साकेत नगर कालोनी ) की आवासीय दर 4400 रुपए प्रति वर्गमीटर एंव व्यावसायिक दर 8800 रुपए प्रति वर्गमीटर गाईड लाईन वर्ष 2025-26 में जोड़े जाने के प्रस्ताव को जिला मूल्यांकन समिति द्वारा सर्व-सम्मति से स्वीकार कर अनुमोदित किया गया। उप जिला मूल्यांकन समिति आगर, बडौद, सुसनेर एवं नलखेडा द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु गाईड लाईन दरों में दिए गए वृद्धि के प्रस्ताव को जिला मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण किया गया। जिले में कुल 1019 लोकेशन है। जिसमे से 920 लोकेशन की दरों मे वृद्धि की गई है। वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकार कर अनुमोदित किया गया। जिला मूल्यांकन समिति द्वारा किसी भी लोकेशन पर दर में कमी किया जाना अनुमोदित नहीं किया गया है। जिला मूल्यांकन समिति द्वारा वर्ष 2024-25 की गाईड लाईन में ऐसी 05 लोकेशन जहां किसी प्रकार की तकनिकी त्रुटि के कारण केवल निर्माण की दरों मे कमी परिलक्षित हुई है, परन्तु दरें किसी भी प्रकार से कम नहीकी गई है। ऐसी त्रुटियों को सुधार किया जाना भी अनुमोदित किया गया है। जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उप जिला मूल्यांकन समिति आगर एवं बडौद से कस्बा आगर, कस्बा आगर छावनी, कस्बा कानड एवं कस्बा बडौद की लोकेषन नगरीय क्षेत्र में आने से उक्त चारों कस्बा के क्षेत्र को नगरपालिका नगर परिषद सीमा के अंतर्गत सम्मिलित किए जाने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

# एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर राज्यमंत्री ने ली बैठक



**दमोह।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत नवान्कुर योजना से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओं की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट कार्यालय दमोह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संभाग समन्वयक दिनेश उमरिया ने की। बैठक में संस्थाओं की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और विकास कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक संस्था अपने क्षेत्र में एक ग्राम को आदर्श ग्राम बनाने के लिए चिन्हित करेगी और शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर कार्य करेगी। साथ ही जन सूचना केंद्र संस्कार केंद्र एवं वाचनालयों के प्रभावी संचालन को प्राथमिकता दी जाएगी। 30 मार्च को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा उज्जैन में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की जाएगी। सभी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में एक जल स्रोत को चिन्हित कर उसकी साफ सफाई संरक्षण एवं जनभागीदारी के माध्यम से पुनर्जीवित करने का कार्य करें। अभियान के तहत जल चौपाल, कलश यात्रा, दीवार लेखन एवं जल संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक ग्राम में जलदूत नियुक्त किए जाएंगे जो जल संरक्षण की निगरानी करेंगे। बैठक में निर्देश दिये गये कि प्रत्येक संस्था एक ग्राम को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में कार्य करेगी। जन सूचना केंद्र, संस्कार केंद्र एवं वाचनालयों का प्रभावी संचालन किया जाएगा। नर्सरी स्थापना एवं पौधों के संरक्षण के लिए संस्थाओं को सहयोग दिया जाएगा। जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे। बैठक में जिला समन्वयक सुशील नामदेव, सभी विकासखंड समन्वयक एवं नवान्कुर योजना अंतर्गत चयनित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में संस्थाओं को आगामी तिमाही में प्रभावी रिपोर्टिंग करने और योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए।

# पुलिस द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदन शीलता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**समय जगत, आगर मालवा।** पुलिस द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मधुबन गार्डन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नंदा भलावे खुशरे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम (एससी/एसटी एक्ट) की प्रभावी क्रियान्वयन प्रक्रिया से अवगत कराना और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाना था। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन और पुलिस का नैतिक और संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कानून के पालन के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पीड़ितों को समय पर न्याय और सम्मान मिले। श्री सिंह ने कहा कि कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिए पुलिस और प्रशासन के बीच समन्वय को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। केवल संवेदनशील और निष्पक्ष कार्यशैली ही समाज में विश्वास और कानून के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न कर सकती है। उन्होंने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस का कर्तव्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं है, बल्कि समाज के कमजोर और हाशिए पर खड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा भी करना है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन पुलिस की संवेदनशीलता और निष्पक्षता पर निर्भर करता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को प्रत्येक मामले में निष्पक्षता से विवेचना करने और पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने की सलाह दी।

# शासकीय तिलक महाविद्यालय परिसर में गर्मी से पक्षियों को बचाने सकोरा में रखा दाना-पानी




**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर एमपी यादव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग और जिला संगठक डॉ आरपी सिंह के नेतृत्व में महिला इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में जगह-जगह पक्षियों के लिए सकोरा में दाना- पानी रखा जाकर पेड़ों पर टांगे गए। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर एमपी यादव ने कहा कि यदि हम लोग जागरुक नहीं होंगे तो आने वाले समय में पक्षियों की संख्या दिन प्रतिदिन घटते हुए विलुप्त हो जाएगी जो अत्यंत चिंतनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम पक्षियों के लिए दाना और पानी की उचित व्यवस्था करें। जिससे उनका जीवन सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर डॉ माधुरी गर्ग ने भी छात्रों से स्वयंसेवकों से अनुरोध किया है कि आप अपने घर में भी पक्षियों के लिए सकोरों में पानी भरकर रखें दरवाजे पर बाल्टी में बड़े टब में पानी भर कर रखें जिससे पशु पक्षी अपनी प्यास बुझा सके और गर्मियों में उन्हें परेशानी का न करना पड़े। जल ही जीवन है जल रखने मात्र से प्रकृति के यह जीव बच जाएंगे और हमें आंतरिक अनुभूति प्राप्त होगी। इस अवसर पर डॉक्टर वी के द्विवेदी विभाग अध्यक्ष भूगोल एनएसएस स्वयंसेवक सचिन कुमार पटेल, कुमारी लक्ष्मी रैदास, महक चौधरी, अनु श्रीवास्तव, भारती बर्मन निशा मिश्रा, प्रिया चौधरी, मोनिका जायसवाल, कुमारी ममता नंदिनी कॉल इच्छा पटेल वर्षा, पटेल अंजलि बर्मन सोनम साहू प्रीति सिंह दुर्गा साहू सृष्टि दुबे के साथ अन्य सभी एन एस एस के स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया अंत में डॉक्टर माधुरी गर्ग ने सभी को बधाई दी और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पुराने पन्ना में संचालित मदरसा को लेकर स्थानीय लोगों ने सौंपा ज्ञापन

## तहसीलदार द्वारा की जा रही जांच



**समय जगत, पन्ना।** पुराना पन्ना स्थित मदरसा एक बार फिर सुर्खियों में हैण्ज्ञात हो कि उक्त अवैध मदरसा संचालक तांत्रिक अब्दुल रऊफ उर्फ हकीम की करगुजारियों से आक्रोशित वक्फ़ बोर्ड पदाधिकारी सहित अन्य लोगों के द्वारा कलेक्टर पन्ना को शिकायती पत्र देते हुए मदरसा की जांच तथा शासकीय भूमि पर अवैध कब्ज़ा को लेकर तांत्रिक अब्दुल रउफ उर्फ हकीम द्वारा मदरसे की आड़ में बरसों से चल रही धन उगाही की जांच की मांग की है स ज्ञापन में उल्लेख है कि पुराना पन्ना वार्ड क्रमांक 28 में शासकीय आरजी क्रमांक 2102 की लगभग पॉच हजार वर्ग फीट भूमि पर बाहरी व्यक्ति तांत्रिक अब्दुल रउफ और हकीम ने बीडी कॉलोनी की शासकीय भूमि पर बना रखी है। जहॉ पर यहां के लोगों को गुमराह कर मदरसा बना दिया इसके अलावा मदरसे के बाद शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना लिया गयास धर्म के नाम पर अपनी दुकान चला रहे तांत्रिक अब्दुल रउफ और हकीम को शहर के कई जिम्मेदारों ने भरपूर सहयोग किया जिसमें इत्तेहाद अहले सुन्नत जमात शहर कमेटी के अध्यक्षध्उपाध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारी का उल्लेखनीय सहयोग मिला ज्ञापन में कहा गया है कि हम सभी मुस्लिम समाज के लोग ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हैं कि सम्पूर्ण मामले की जॉच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

# चैत्र अमावस्या पर भक्तों ने लगाई गोरखगिरि की परिक्रमा

## नवसंवत्सर 2082 के आगमन पर सबकी तरक्की व खुशहाली के लिए की प्रार्थना




**समय जगत, महोबा।** चैत्र अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने आज सुबह गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई एवं कल से शुरू हो रहे हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की बधाइयां दी। परिक्रमा प्रारंभ करने से पहले उन्होंने शिवतांडव मंदिर में सबकी तरक्की व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने पांच किलोमीटर लंबे परिक्रमा मार्ग में आने वाले हजारों वर्ष पुराने सभी मंदिरों में मत्था टेंक कर सबके बेहतर स्वास्थ्य के लिए कामना की।

परिक्रमा ओम नमः शिवाय के जयकारे के साथ शिव तांडव मंदिर से शुरू होकर पठवा के हनुमान जी, महावीरन, कबीर आश्रम, सकरे सन्या, भूतनाथ आश्रम, काली माता, खो खो माता, शनिदेव, राम कृष्ण, छोटी चंडिका, नागौरिया व काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव में संपन्न हुई। इस मौके पर बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि रविवार से चैत्र नवरात्र भी प्रारंभ हो रहे हैं। गोरखगिरि के चारों ओर स्थित बड़ी चंडिका, छोटी चंडिका, काली माता, खो खो माता व नाग देवी मंदिरों पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा होगी। माहौल भक्तिमय हो जाएगा। क्षेत्र में गोरखगिरि को चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत के समकक्ष माना जाता है। परिक्रमा में डा. देवेंद्र पुरवार, मुन्ना जैन, मनीष जैदका, गया प्रसाद, गुमान, सिद्धे, संगम चंदेल, महेन्द्र, प्रेम, द्वारिका प्रवीण चौरसिया, प्रहलाद, नीरज पुरवार, नवनीत मिश्र, नीलू जैन, प्रवीण श्रीवास्तव, उमा व रमा चौरसिया समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

### लोक काव्य आल्हा की दूसरी कड़ी का प्रसारण आज

**महोबा।** लोक काव्य आल्हा की दूसरी कड़ी नैनागढ़ की लड़ाई का प्रसारण आज 30 मार्च रविवार को आकाशवाणी छतरपुर से किया जाएगा। संतोष कुमार पटैरिया द्वारा लिखित इस धारावाहिक में आल्हा के विवाह का प्रसंग है मिर्जापुर के समीप नैनागढ़ है जहां सुनवा मंडप आज भी देखा जा सकता है। आज बुंदेलखंड में दो निकटतम व्यक्तियों को जोगा और भोगा की संज्ञा दी जाती है। आल्हखंड मे यह बात आती है आल्हा की पत्नी सुनवा के दो भाई जोगा और भोगा थे। इस धारावाहिक के निर्देशक सुरेंद्र तिवारी प्रस्तुत कर्ता श्रीहर्ष पांडेय और गायन स्वर उमाशंकर सेन का है 13 एपिसोड का यह धारावाहिक हर रविवार को प्रातः साढ़े 8 बजे आकाशवाणी छतरपुर से प्रसारित हो रहा है।

# अंबाह के आशुतोष शुक्ला का जीएसटी विभाग में हुआ चयन, आईपीएस बनना है लक्ष्य



**मुरैना/अंबाह।** ग्राम बरेह अंबाह निवासी विनोद कुमार शुक्ला, एसएम रेलवे मुरैना के सुपुत्र आशुतोष शुक्ला ने एसएससी एमटीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर केंद्रीय जीएसटी विभाग में हवलदार के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आशुतोष की सफलता की खबर के बाद उनके परिवार और दोस्तों ने खुशी का इजहार किया और मिठाई बांटी। आशुतोष ने बताया कि ÷यह मेरी पहली सफलता है, लेकिन मेरा लक्ष्य यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर आईपीएस बनना है। आशुतोष ने बताया कि उन्होंने घर में रहकर ही दिल्ली के शिक्षकों से ऑनलाइन मार्गदर्शन लेते हुए हर दिन 8-10 घंटे पढ़ाई की। उनका कहना है कि यदि लक्ष्य बनाकर पूरी तन्मयता से अध्ययन और तैयारी करें तो सफलता मिलना निश्चित है। इस सफलता के लिए मैं अपने स्व दादा शिक्षक रामकृष्ण शुक्ला, स्व दादी शांतिबाई एवं मम्मी, पापा समेत सभी परिवारजनों का आभारी हूं। भविष्य में मैं अपनी कोशिश जारी रखूंगा और अपने साथियों को भी प्रेरित करूंगा। आशुतोष की इस सफलता से न केवल उनका परिवार, बल्कि अंबाह का हर व्यक्ति गर्व महसूस कर रहा है। उनकी यह सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बन सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईद की सार्थकता के लिये वैश्विक शांति का मजबूत होना है जरूरी : शहर इमाम करामत उल्लाह



**समय जगत, हमीरपुर।** रमजान उल मुबारक का पवित्र महीना गुज़र गया लेकिन जाते जाते हम सब को एक महत्वपूर्ण सबक दे कर गया है। कि जिस तरह से हम लोग रमजान उल मुबारक के पवित्र महीने में गुनाहों( पापों ) से बचते थे। उसी प्रकार हमारी पूरी जिंदगी गुनाहों से बचते हुए अल्लाह के आदेशों और अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद स. के बताए हुए तरीके पर चलने वाली बन जाए। जिस तरह हमने ये मुबारक महीना इस्लाम में बताए गए तरीकों के साथ गुजारा है और इस मुकददस महीने के बदले में अल्लाह ने हमें ये ईद का दिन अता फ़र्माया, हमें ज़रूरत है इस बात की, कि हम मुसलमान अपने दीन पर पूरे तरह से अमल करें और दीन का ऐसा नमूना दुनिया वालों के सामने लाएं। कि पूरी दुनिया की ईद हो जाए। बहुत दिनों से दुनिया हकीकी ईद से महरूम है। न अमन हैं, न भाईचारा, न हमदर्दी है, न तो इंसानियत और न ख़ुदा की याद है न उसकी पहचान है। आज दुनिया को वैश्विक स्तर पर शांति और उन्नति के रूप में वास्तविक ईद की जरूरत है। और वो ईद मुसलमानों की कोशिश से ही आ सकती है। लेकिन अफसोस के मुसलमान खुद अपनी ईद का सही तरीके से शुक्र अदा नहीं कर पाते। इसलिए आप जहां पर भी हैं, यह साबित करें कि आप मुस्लिम क़ौम है। अफसोस सब एक जैसे हो गए। रिश्वत, झूठ, भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी में हम भी मुब्तिला हो गए हालाँकि वास्तविक मुसलमान ऐसा नहीं हो सकता। अगर तुम वास्तविक मुसलमान बनोगे और अल्लाह से डरोगे तो अल्लाह तुम्हें फिर से एक नई शान ओ शौकत अता करेगा। दुनिया में जितने भी त्यौहार हैं। सबका पैगाम सिर्फ और सिर्फ प्यार मोहब्बत और अमन है। ईद उल फितर के दिन मुसलमान एक-दूसरे से गले मिलकर अपने गिले शिकवे दूर करके मुहब्बत का पैगाम देते हैं। ईद का दिन बच्चों के लिए बड़ी खुशी का दिन होता है। वो मेलों में अपने दोस्तों के साथ घूमने निकलते हैं। हमारा देश त्योहारों का देश कहा जाता है। यहां हर धर्म के अपने अपने त्यौहार हैं। पर हर धर्म के लोग इन्हें मिलजुल कर मनाते हैं। हर त्यौहार कुछ खास सन्देश देता है। और संदेश है खुशियां बांटने का मिलजुल कर रहने का और एक अच्छे और एक सुरक्षित समाज को बनाने का, हमें ईद के असल पैगाम को समझना चाहिए। और उसके मुताबिक अपनी ज़िन्दगी गुजारना चाहिए यही ईदुल फित्र का असल पैगाम है।

### कलेक्टर के निर्देश के बाद भी नेहरू बालोद्यान में लगा समस्याओं का अंबार



**कालापीपल।** शाजापुर जिले का एक मात्र बालोधान होने के बाद भी नगर परिषद पानखेड़ी इस पार्क की ओर ध्यान नहीं दे पा रही पूर्व में रहे शाजापुर कलेक्टर दिनेश जैन जब इस पार्क को देखने आए थे, तब उन्होंने तत्कालीन सीएमओ को निर्देश दिए थे कि इस पार्क की सुंदरता और बढ़ाएं इसकी देख-रेख करें, मगर नगर परिषद पानखेड़ी कालापीपल खुद की देख-रेख नहीं कर पा रही है, तो नगर का एक मात्रा पार्क की क्या देख-रेख कैसे कर पाएगी, पूर्व विधायक स्वर्गीय रामेश्वर दयाल शर्मा द्वारा पार्क की नींव रखी गई थी, वह जब कभी भी बाहर जाते थे तो वहां से इस पार्क में लगाने के लिए खास गुलाब ओर अन्य प्रकार के पौधे लेकर आते थे स्व रमेश बाबू जब तक रहे तब तक उन्होंने इस नेहरू पार्क की थी देख-भाल की और 14 से 19 नवंबर तक बच्चों के लिए बाल मेले लगाने की शुरुआत की थी, उसके बाद उनके पुत्र नीलेश शर्मा सरपंच बने तो उन्होंने भी इस पार्क के लिए बाहर से पौधे लाकर लगाए, इसके बाद दिनेश शर्मा द्वारा भी इस पार्क का ध्यान रखा गया, मगर जब से नगर परिषद बनी हैं तब से इस पार्क कोई ध्यान रखने वाला कोई नहीं रहा, जब इस पार्क में नगर परिषद का कार्यालय था तब इस पार्क को पार्किंग स्थल बना रखा था, अब नगर परिषद कार्यालय नए बिल्डिंग में शिफ्ट हो गई है, तब से पार्क में अव्यवस्था का अंबार लगा हुआ है, बच्चों के झूले टूट चुके हैं, बच्चों के लिए फिसल पट्टी भी टूट चुकी है, जिससे पर फिसलने पर बच्चों को चोट लगती है, पूर्व विधायक कुणाल चौधरी द्वारा भी पार्क में व्यायाम हेतु ओपन जिम लगाया गया था, मगर इस बालोधान की देख-रेख नगर परिषद द्वारा वर्तमान में बिल्कुल नहीं की जा रही है। कालापीपल की जनता द्वारा मीडिया के माध्यम से बात कही गई है कि पार्क की व्यवस्था सुधारना चाहिए

### पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल बेटमा ने पुन : बोर्ड परीक्षा के परिणाम में फहराया परचम

**समय जगत, बेटमा।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा कक्षा 5 वी एवं कक्षा 8 वी की बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 8 वी परीक्षा परिणाम 98.7 प्रतिशत रहा जहां नव्या गोयल पिता सुभाष गोयल ने 87प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, मयंक नागर पिता सुभाष नागर ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, खुशी देवड़ा पिता अखिलेश देवड़ा ने 85प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 5 वी का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा जिसमें वंशीका चौहान पिता कान्हा चौहान एवं अलशिफा खान पिता सद्दाम खान ने 78प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंश प्रजापत पिता ईश्वर प्रजापत एवं मानसी वर्मा पिता ओंकार वर्मा ने 76प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा जफर खान पिता श्री नवाब खान ने 75प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर संस्था संचालक मो. अमीन खान सर ने सभी छात्र छात्राओं एवं उनके पालकों को बधाई दी है।

# भगवान मुनि सुव्रतनाथ का 108 कलश से किया महामस्तकाभिषेक



**समय जगत, मण्डीदीप।** औद्योगिक नगर के श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में शनिवार को शनि अमावस्या के अवसर पर महामस्तकाभिषेक का आयोजन हुआ। वहीं 108 कलशों से श्री मुनिसुव्रत नाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं निर्वाण महोत्सव संपन्न हुआ। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप व सचिव आशु जैन ने बताया कि शनि अमावस्या पर आयोजन में मंदिर जी में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान श्री मुनि सुव्रतनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सुबह 8 बजे महामस्तकाभिषेक के आयोजन हुए। जिसमें भगवान के प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य सौ धर्म इंद्र बनकर अजीत कुमार जैन मिठाई परिवार को प्राप्त हुआ तो अन्य इंद्र बनकर अभिषेक करने का सौभाग्य राजीव जैन, विकास जैन परिवार, रितेश जैन परिवार, सुनील जैन, सुलभ जैन परिवार, व जयकुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ। वही भगवान चन्द्रप्रभु का अभिषेक नरेन्द्र कुमार चंदन जैन परिवार व शांतिनाथ भगवान का अभिषेक अजीत कुमार गौरव जैन परिवार द्वारा किया गया। इस दौरान भगवान के 108 कलश से महामस्तक अभिषेक किया गया। अभिषेक के उपरांत शांतिधारा करने का सौभाग्य मुकेश जैन, जयवर्धन जैन, आरके जैन, शीतल धाम परिवार, व राजीव जैन विकास जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इसके अलावा भगवान चन्द्रप्रभु का शांति धारा पवन जैन आरती जैन इण्डस परिवार व शांतिनाथ भगवान की शांति धारा अजीत कुमार गौरव जैन परिवार द्वारा की गई। वही भगवान की महा आरती करने का सौभाग्य विजय कुमार दीलिप जैन पहाड़िया परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान भगवान अनंतनाथ के निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य विनोद कुमार आरएनजी परिवार, द्वितीय लाडू कमलेश कुमार आशू जैन परिवार को प्राप्त हुआ। तो अरहनाथ भगवान के निर्वाण लाडू विमल कुमार नीलेष जैन परिवार व द्वितीय लाडू संगीता जैन नवीन जैन परिवार द्वारा चढ़ाया गया। इस मौके पर बीना से पधारे प्रदीप भैया के सानिध्य में व राहुल भैया के स्वरलहरी में श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ भगवान की पूजन की गई। मंदिर कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद जैन व उपाध्यक्ष सत्येन्द्र जैन ने कहा कि शनि अमावस्या पर भगवान श्री मुनिसुव्रत नाथ के दर्शन व भक्ति मात्र से ही कई कष्टों से छुटकारा मिल जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रदालुओं ने पहुंचकर भगवान की भक्ति की।

# जिला विधिक सहायता अधिकारी को दी गई विदाई



**समय जगत, हरदा।** कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा में पदस्थ श्रीमती अपर्णा लोधी, जो कि जिला विधिक सहायता अधिकारी के पद पर विगत तीन वर्षों से पदस्थ रही थी उनका कार्यकाल सराहनीय रहा। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार, उनका स्थानांतरण जिला मंदसौर हो जाने से एडीआर भवन में विदाई समारोह आयोजित किया गया। श्रीमती लोधी को पुष्पगुच्छ और अधिवक्ता श्रीमती रागिनी द्वारा उनकी पेंसिल पेंटिग बनाकर उपहार स्वरूप प्रदान किया गया और उनके द्वारा किये गये कार्य और कार्यालय के विकास में प्रदान किये गये सहयोग की सराहना की गई। श्रीमती लोधी की जिला हरदा प्रथम पदस्थापना रही है। श्रीमती अपर्णा लोधी ने उनके कार्यकाल के दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्तागण के द्वारा किये गये सहयोग के लिए धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम में माननीय श्रीमती तृप्ति शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा, समस्त न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय शाडिण्ल, उपाध्यक्ष चंदन सिंह राजपूत, बार की कार्यकारिणी, अधिवक्ता क्रांति कुमार जैसानी एवं अन्य अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, कर्मचारीगण, पैनल लॉयर, पैरालीगल वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन अधिवक्ता दिलीप मिश्रा के द्वारा किया गया।

### हादसे रोकने ट्रैफिक पुलिस ने 250 ट्रैक्टर ट्रालियों पर लगाए रेडियम




**समय जगत, श्योपुर।** श्योपुर जिले में यातायात प्रभारी संजय सिंह राजपूत और उनकी टीम ने शुक्रवार को पाली रोड, खातौली रोड और जेद्दा अनाज मंडी में वाहन चेकिंग की। टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों के करीब 250 ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए। यह कदम रात में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है। रात के समय ट्रैक्टर-ट्रालियों में बैक लाइट न होने से पीछे से आने वाले वाहनों के टकराने का खतरा रहता है। रिफ्लेक्टर लगाने से पीछे से आने वाले वाहन चालक ट्राली को आसानी से देख सकेंगे। जैदा मंडी में किसानों को भी जागरूक किया गया। उन्हें अपनी ट्रालियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने की सलाह दी गई। यह पहल सड़क सुरक्षा को बढ़ाने में मददगार साबित होगी। रात्रि में ट्रक और ट्रैक्टर-ट्राली से हादसे होते हैं। इसके पीछे मुख्य वजह सड़क पर खड़े होने पर दिखता नहीं है। ट्रैक्टर-ट्रॉली की भी यही स्थिति रहती है। रात्रि और मोड पर अचानक सामने आ जाने से हादसे होते हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो जिले में 22 हजार से अधिक ट्रैक्टर कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं। जो ट्रॉली लगाकर चलते हैं। इसमें 90 प्रतिशत वाहन ऐसे हैं, जिनमें रिफ्लेक्टर पट्टी नहीं लगा हुआ है। इसी को देखते हुए ट्रेफिक पुलिस द्वारा वाहनों पर रेडियम लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

# मातृशक्ति का स्वाभिमान: आज निकलेगी भव्य वाहन रैली



**मंडला।** श्रीराम मंदिर पड़ाव में सनातन धर्मोत्सव परिवार मंडला शहर की मातृशक्तियों की अंतिम बैठक संपन्न हुई। बैठक में 30 मार्च, रविवार को निकलने वाली दो पहिया वाहन रैली की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। रैली की मीडिया प्रभारी पूजा ज्योतिषी ने बताया कि सनातन धर्मोत्सव परिवार द्वारा आयोजित मातृशक्ति वाहन रैली का शुभारंभ 30 मार्च को राजीव कॉलोनी दुर्गा मंदिर से दोपहर 3 बजे किया जाएगा। यह रैली नगर भ्रमण करते हुए लालीपुर चौक दुर्गा मंदिर में संपन्न होगी। आयोजक समिति ने मंडला जिले की समस्त मातृशक्तियों से अपील की है कि वे भगवा वस्त्र और पगड़ी धारण कर इस दो पहिया वाहन रैली में शामिल हों। साथ ही, वे अपने घर और वाहन पर भी भगवा ध्वज लगाएं। सनातन धर्मोत्सव परिवार की ओर से पहली बार आयोजित इस वाहन रैली को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। मीडिया प्रभारी पूजा ज्योतिषी ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में धार्मिक एवं सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना, समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना और सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार को बढ़ावा देना है। यह आयोजन मातृशक्ति के सम्मान, उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालने के साथ-साथ सामाजिक एकता एवं संस्कारों को मजबूत करने का भी एक माध्यम है। यह रैली धार्मिक मूल्यों की पुनर्स्थापना और महिलाओं की आध्यात्मिक भूमिका को सशक्त बनाने का प्रयास भी करेगी।



### जल गंगा संवर्धन अभियान में विभागों की होनी चाहिए सक्रिय भागीदारी : कलेक्टर

**समय जगत, शिवपुरी।** जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश भर में 30 मार्च से शुरू किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम करना है जिसमें जन भागीदारी से जल संरचनाओ की साफ सफाई, मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम किया जाएगा। इसके अलावा वृहद वृक्षारोपण भी किया जाएगा। इस अभियान के तहत लगभग 15 विभागों को भी जोड़ा गया है जिन्हें अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है और समेकित ढंग से सभी को मिलकर जल संरक्षण की दिशा में काम करना है। शनिवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनपद पंचायत के जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ के साथ बैठक आयोजित की गई और इस अभियान की कार्य योजना पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने सभी को निर्देश दिए हैं। इस अभियान के सफल और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। 30 मार्च से इस अभियान का शुभारंभ होगा और 30 जून तक यह अभियान चलेगा। जिले में भी सभी नगरीय निकाय और जनपदों द्वारा जल संरचना को चिन्हित कर साफ सफाई, मरम्मत की जाए, जिसमें जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। इस अभियान का क्रियान्वयन जन भागीदारी से किया जाना है जिसमें कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है। और एक वालंटियर के रूप में अपना योगदान दे सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत माय भारत पोर्टल बनाया गया है जिसमें वालंटियर के रूप में अपना पंजीयन करके जलदूत जुड़ सकते हैं और विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को भी इस पोर्टल पर एंट्री करना है।

# राजस्थान दिवस महोत्सव के पांचवें दिन हुआ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन



**समय जगत, धौलपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत नगर परिषद टाउन हॉल में शनिवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित नवचयनितों संबोधित करते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सार्वजनिक सेवा में कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुये आगे बढ़ने के सतत प्रयास जारी रखे। लोकसेवक ईमानदारी से कार्य करते हुये कर्तव्यों का निर्वहन करे। इस दौरान कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का वी सी के जरिये सीधा प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 120 नवचयनितों को प्रदान किये नियुक्ति-पत्र जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में जिला कलक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में छात्रावास अधीक्षक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग ऑफिसर, फार्मासिस्ट एवं एएनएम तथा महिला बाल विकास विभाग में महिला पर्यवेक्षक पद पर चयनित जिले के कुल 120 नवचयनितों को नियुक्ति पत्र एवं शुभकामना संदेश प्रदान किये। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा,, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के एसीपी बलभद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, कल्पना शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में युवा लाभार्थी मौजूद रहे। सांस्कृतिक संध्या का आयोजन मचकुंड पर राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 30 मार्च, रविवार को मचकुंड, धौलपुर में संध्या 6 बजे से प्रारंभ होगा। इस विशेष अवसर पर स्थानीय लोक कलाकारों एवं प्रख्यात राजस्थानी कलाकारों द्वारा लोकगीत, मयूर नृत्य, फूलों की होली, चरकुला नृत्य सहित विभिन्न पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत राष्ट्रीय भावना को समर्पित एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धौलपुर के प्रतिष्ठित एवं स्थानीय कवि अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। यह आयोजन राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं लोक परंपराओं को संजोने और बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं


चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



रजत गोस्वामी
युवा समाजसेवी
झांसी

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



पं. मैथलीशरण मुदगिल
कोषाध्यक्ष
परशुराम सेवा संस्थान झांसी।

नव संवत्सर 2082 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. पप्पूराम सहाय
वरिष्ठ साहित्यकार / समाजसेवी नई बस्ती झांसी।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



राजेन्द्र कुशवाहा
प्रांतीय सह सेवा प्रमुख
विश्व हिन्दू परिषद
कानपुर प्रांत

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



राकेश पाल
- डायरेक्टर
यू पी सी एल डी एफ
- राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतीय पाल बघेल समाज

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 एवं भाजपा झांसी ग्रामीण के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल सर जी को हार्दिक शुभकामनाएं



प्रदीप पटेल सर जी



पटेल अवधेश निरंजन
बुन्देलखंड अध्यक्ष
अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा
पारस मेडीकल स्टोर
मेडीकल कॉलेज के सामने झांसी
मॉ पीताम्बरा प्लाईबुड झोकनबाग झांसी

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



आशुतोष द्विवेदी
पूर्व जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता युवा मोर्चा
झांसी महानगर

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



नरेश गुप्ता राजू रक्सा
राष्ट्रीय अध्यक्ष-
राष्ट्रीय हिन्दू जागृति मंच
कार्यकारी अध्यक्ष - श्री गहोई वैश्य पंचायत झांसी
जिला - चैयरमेन
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल झांसी
कार्यकारिणी सदस्य (सेवा)
बुन्देलखंड चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज



अखलेश गुप्ता नीलू रक्सा
जिला उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी
झांसी महानगर

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



नितिन सिंघल



ब्रजबिहारी सोनी

नारायण रियल स्टेट, झांसी

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



हरगोविन्द कुशवाहा एड.
राज्यमंत्री / अध्यक्ष
अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान
विपिन खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ (उ.प्र.)


स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)